दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

शुभ धनतेरस

dainiksandhyaprakash.in संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

वर्ष 53/ अंक 100/ पृष्ठ 8+4=12 / मूल्य ₹ 2.10 भोपाल, शुक्रवार 10 नवम्बर 2023 भोपाल से प्रकाशित ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14







### अनूपपुर में मुख्यमंत्री ने चुनावी सभा को संबोधित किया

# शिवराज बोले-मामा चुप नहीं रहेगा, बुल्डोजर भी तैयार है



**भोपाल।** अनूपपुर जिले में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दो चुनावी सभाएं कीं। अनूपपुर विधानसभा में उन्होंने कहा कि जो हमारे कार्यकताओं को धमका रहे हैं। वो कान खोलकर सुन लें। मामा चुप नहीं रहेगा। मामा का बुल्डोजर भी तैयार खड़ा है और चलेगा भी। सीएम ने कहा-' हमारी लाडली बहनें जो आविवाहित 21 साल की हैं, अब इन्हें भी इस योजना का लाभ मिलेगा।

श्री चौहान ने कहा कि धनतेरस के चलते इस बार लाड़ली बहनों के खातों में खुशियों की किश्त 10 तारीख की जगह 7 तारीख को ही आ गई। अब बहनें धनतेरस, दीपावली और भाई दूज पर खूब खरीदारी करेंगी, त्यौहार भी मनाएंगे और सरकार भी बनाएंगे। श्री चौहान ने कहा कि, कांग्रेसी शिकायत कर रहें हैं कि, मामा को रोको, लेकिन जब तक इस राशि को बढ़ाकर बहनों के खातों में 3 हजार रूपए नहीं डालूंगा मुझे चैन की नींद नहीं आएगी। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि, लाड़ली लक्ष्मी, कन्या विवाह और लाड़ली बहनों के बाद अब लखपति दीदी बनाउंगा। हर बहन की आमदनी प्रति माह 10 हजार रूपए से ज्यादा करने का संकल्प है।

श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस जो पाखंड करती हैं वह उनकी जुबान पर आ ही जाता है, मुझे तो आश्चर्य हुआ कि, प्रियंका गांधी, स्वर्गीय राजीव गांधी की पोल खोल रही थीं। उन्होंने कहा कि, राजीव गांधी ने कभी विकास किया ही नहीं वह अपने क्षेत्र अमेठी में जाते थे तो जनता उन्हें डांटती थी कि, इतने साल हो गए हैं तुमने सड़क नहीं बनवाई, स्कूल की मरम्मत नहीं करवाई, टीचर नहीं बैठाया, उन्होंने खुद यह बता दिया कि कांग्रेस का विकास से कोई लेना-देना ही नहीं है। उनके स्वर्गीय पिताजी ने भी कोई विकास नहीं किया। सीएम ने कहा कि, कांग्रेस का विकास से कभी कोई वास्ता नहीं रहा है।

## धनतेरस पर महाकाल की भस्म आरती, बाबा के दरबार में दीप उत्सव की शुरुआत

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में धनतेरस पर भस्म आरती के साथ दीप उत्सव की शुरुआत हुई। शुक्रवार तड़के सुबह 4 बजे मंदिर के कपाट खोले गए। भगवान महाकाल का सबसे पहले जलाभिषेक किया गया। इसके बाद दूध, दही, घी, शहद, फल के रस से बने पंचामृत से अभिषेक कर पूजन हुआ, फिर बाबा को भस्म चढ़ाई गई। धनतेरस पर बाबा महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया। महाकाल मंदिर के पुरोहित और पंडितों ने देश में सुख, समृद्धि की कामना के साथ भगवान महाकाल की विशेष पूजन कर भस्म आरती की। सैकड़ों श्रद्धालु भस्म आरती में शामिल हुए, महाकाल के भक्तों ने जयकारे लगाए।



# राहुल गांधी ने कहा- मप्र में किसानों को फसल का दाम नहीं मिलता



**सतना।** राहुल गांधी आज सतना जिले के दौरे पर हैं। उन्होंने बीटीआई ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार और मोदी पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दो तरीके की सरकार होती है। एक गरीबों के जेब में पैसा डालती है। एक बड़े-बड़े कारोबारियों के जेब में पैसा डालती है। कांग्रेस ने मनरेगा दिया, भोजन का अधिकार दिया। भाजपा ने नोटबंदी, जीएसटी दी। किसानों के खिलाफ काले कानून लाए ये फर्क है। मध्यप्रदेश की जो नींव थी, उस नींव को भाजपा ने उखाड़कर फेंक दिया है। नींव किसान है, नींव मजदूर है, छोटे दुकानदार हैं, बेरोजगार युवा हैं इन सभी को बीते 15 साल में भाजपा ने खत्म कर दिया है। सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार की तारीफ की। राहुल गांधी ने कहा कि मध्यप्रदेश में किसान को फसल का सही दाम नहीं मिलता, कर्ज लेना पड़ता है। यहां 18 हजार किसानों ने आत्महत्या की है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा अडानी को पैसा देती है। अडानी उस पैसे को विदेशों में खर्च करता है।






## खंडवा में बोले कमलनाथ- यह अत्याचार का केंद्र, इसे समाप्त करना है

**खंडवा।** हरसूद में कमलनाथ ने सभा ली। उन्होंने कहा कि 35 साल तक आपने एक ही पार्टी और एक ही परिवार का साथ दिया है। यह अत्याचार का जो केंद्र है, इसको समाप्त करना है। यहां केवल आपने ही गुलामी नहीं की, यहां का प्रशासन भी गुलामी करता है। समझ जाएं कि गिनती शुरू हो गई है, 6 दिन बचे हैं, कौन क्या करेगा..वो कमलनाथ देखेगा। कल के बाद परसों भी आता है, यह याद रखें।



## दिल्ली प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट बोला- हमें नतीजे चाहिए

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम नतीजे देखना चाहते हैं। हर साल जब हम दखल देते हैं तभी यह मुद्दा चर्चा में आता है।



जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने सरकार से पूछा कि पिछले छह साल से आप क्या कर रहे थे। शायद भगवान ने दिल्ली के लोगों की प्रार्थनाएं सुन लीं। सरकार का प्रदूषण कम करने में कोई योगदान नहीं है। वहीं दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि हमारे पास एक स्टडी है, जिसमें ऑड-ईवन के कई फायदे बताए गए हैं। ऑड-ईवन से सड़कों पर भीड़ कम होती है, ट्रैफिक कम होता है। प्रदूषण कम करने में मदद मिलती है।

## एथिक्स कमेटी आज लोकसभा अध्यक्ष को रिपोर्ट देगी

**नई दिल्ली।** संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने (कैश फॉर क्वेरी) के मामले की जांच कर रही एथिक्स कमेटी शुक्रवार (10 नवंबर) को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद यह रिपोर्ट 4 दिसंबर से शुरू हो रहे संसद के विंटर सेशन में लोकसभा में पेश की जाएगी। इसमें महुआ के निष्कासन की सिफारिश को लेकर वोटिंग हो सकती है।







# लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल होकर रामेश्वर शर्मा ने किया जनसंपर्क



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

चुनाव की तारीखें पास आते ही हुजूर विधायक व भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा का वृहद जनसंपर्क चालू हो गया है। निरंतर जारी जनसम्पर्क के दौरान रामेश्वर शर्मा क्षेत्रवासियों से भेंट कर संवाद करते नजर आते हैं। भाजपा प्रत्याशी ने गुरुवार को हुजूर के ग्राम पंचायत महावड़िया, कालापानी, गोल, अमरावत कलां, सुरैया नगर एवं रानी पिपलिया, बंगरसिया, बगरोदा, झागरिया खुर्द, वार्ड क्रमांक 80, 81, 82, 83, 84, में लाड़ली बहना सम्मेलन के माध्यम से वृहद जनसंपर्क किया। इस दौरान हर पंचायत में आसपास के क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएँ शामिल हुईं। गुरुवार को श्री शर्मा ने विभिन्न स्थानों पर घर-घर जनसंपर्क भी किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत बावड़िया खुर्द, बांसिया, अमझरा, नया बाईपास खजूरी खुर्द, अंशुल विहार वार्ड क्रमांक 84, राजवेद कॉलोनी, मधुवन सिटी, टैगोर वार्ड में पहुँच कर स्थानीय नागरिकों से जनसंवाद किया तथा भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। लाड़ली बहनों से संवाद करते हुए रामेश्वर शर्मा ने कहा कि - हुजूर की हर बहन मुझे वर्षों से राखी बांध रही है। मैं भी अपनी बहनों से किया हर वचन निभाता हूँ। मेरी बहनों ने मुझे हर चुनाव भरपूर समर्थन देकर मेरे हाथ मजबूत किए हैं, इसलिए मैं उनकी उन्नति और प्रगति का कार्य कर पाया हूँ। बहनों ने मिलकर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद दिया तो आज उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण काम हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि मेरे हुजूर परिवार ने जब विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी थी तभी मैंने यह प्रण कर लिया था कि हर परिवारजन को सुविधाजनक जिंदगी उपलब्ध कराकर उनके चेहरों को कमल की तरह खिलाउंगा। आज मुझे खुशी है कि मैं यह पुण्य काम कर पाया। मेरे हुजूर परिवार ने मुझे बेटे का मान दिया है, आवश्यकता पड़ी तो इस परिवार के लिए जान देने के लिए भी तत्पर रहूँगा।

भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा के द्वारा शुक्रवार को हुजूर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम लखापुर, पाटनिया, रतनपुर, रसूलिया पठार, बरखेड़ा सालम, बकानिया, रेलवे स्टेशन टपरा, इमलिया कॉलोनी, लोधी मोहल्ला खामखेड़ा में जनसम्पर्क किया जाएगा

## रमा एकादशी पर आज गुफा मंदिर में दीपदान कर लिया भजनों का आंनद



**भोपाल।** कार्तिक कृष्ण पक्ष रमा एकादशी पर आज गुफा मंदिर धाम भोपाल में भगवान विष्णु का प्रात: पंचामृत स्नान किया तुलसी , पारिजात एंव अपराजिता पुष्पों से श्रृंगार कर संस्कृत पाठ शाला के आचार्य एंव ब्राह्मण बटुको के द्वारा श्री विष्णु सहस्त्रनाम पाठ किया शाम को श्रृद्धाओं माता बहिनों द्वारा दीपदान कर भजनो का आंनद कर एकादशी व्रत किया

## दीपावली पर पटाखे नहीं फोड़ने का संकल्प



**भोपाल।** पद्मावती संभाग भोपाल द्वारा दीपावली पर पटाखे नहीं फोड़ने का संकल्प संभाग अध्यक्ष एवं पाठशाला चेयर पर्सन कुमुदिनी बरया जी द्वारा दिलवाया गया भोपाल की समस्त पाठशालाएँ व पद्मावती संभाग की शाखाओं द्वारा बड़ी संख्या में बच्चों व महिलाओं ने प्रकृत पर्यावरण को सुरक्षित रखने व मानव हित में प्रदूषण रोकने, जीवों की रक्षा करने के लिए पटाखों का निषेध किया इस वर्ष मिठाई व दीपकों से धर में रोशनी कर दीपावली मनाऐंगे विजय वर्धिनी शाख, नेहरू नगर शाखा, मीनाल शाखा सभी का सहयोग मिला सभी ने संकल्प पत्र भर कर पटाखे नहीं फोड़ने के लिए संकल्प वध हुए।

# संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में मॉडल जी-20 समिट का आयोजन

**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में लिटरेरी कमेटी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में मॉडल जी-20 समिट का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी,लिटरेरी कमेटी के सदस्य,रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी, लिटरेरी कमेटी की सदस्य छात्राएं और रासेयो की स्वयंसेविकाएं उपस्थित थी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने इस मॉडल जी- 20 समिट का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह विषय आधारित आयोजन आज समय की आवश्यकता है। आप सब युवा है इस प्रकार के आयोजन आप सभी को एक मंच भी प्रदान करते है जिससे कि आप सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को समझ सके। इस आयोजन में 20 प्रतिनिधियों, पूर्व छात्राओं और अतिथि वक्ताओं के नेतृत्व में जीवंत चर्चा हुई, जिन्होंने विभिन्न विषयों पर उत्साहपूर्वक बातकर विश्व के सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर गहराई से चर्चा की। पर्यावरणीय स्थिरता से लेकर काम के उभरते परिदृश्य तक, वक्ताओं ने बौद्धिक आदान-प्रदान के माहौल को बढ़ावा देते हुए अपनी गहन अंतर्दृष्टि साझा की। अपनी वाक्पटुता और ज्ञान की गहराई से दर्शकों को प्रभावित करने वाली कु. नौरीन फातिमा को सर्वश्रेष्ठ अतिथि वक्ता के खिताब से सम्मानित किया गया। कु. राशा हाशमी को उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति के लिए सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार मिला, उन्होंने अपनी प्रेरक वक्तृत्व कला से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कु.प्रिंसी पहलवानी को उनकी असाधारण कूटनीति और नेतृत्व कौशल के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि का पुरस्कार प्रदान किया गया।




## साधु वासवानी स्कूल में सेमीनार का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में दीपों का पर्व दीपावली कैसे मनाएं सेमीनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मटकी, थाली, रंगोली और दीया सजाओं कार्यक्रम प्रतियोगिता रखी गई जिसमें विद्यार्थियों ने बहुत ही सुंदर दीये, मटकी, थाली व रंगोली सजाई जिसे अतिथियों द्वारा बहुत ही सराहा गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को आए हुए अतिथियों द्वारा दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए मिठाई वितरित की गई। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि दीपावली पर्व मनाने का उद्देश्य ही खुशियां बांटना है और खुशियां बांटने का काम विद्यार्थी ही करते हैं, आज के दिन सभी विद्यार्थी यह संकल्प लें कि त्याग, तपस्या और दृढ़ निश्चय के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने में कभी पीछे नहीं हटेंगें, साथ ही पटाखों से दूर रहेंगें पटाखों पर व्यर्थ के पैसे खर्च करने से अच्छा है किसी गरीब की मदद करें ताकि उनके घरों में भी दिये जल सकें तभी दीपावली पर्व मनाना सार्थक होगा।

## 7वाँ मेगा फेस्टिवल जिज्ञासा में मिठी विद्यालय के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**संत हिरदाराम नगर।** शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी की शाखा मिठी गोबिन्दराम पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने 7वाँ मेगा फेस्टिवल 'जिज्ञासा-2023' अंतरविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेकर चित्रकला एवं क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी एवं मेडल अर्जित कर विद्यालय को गौरवांवित किया जिसका आयोजन संत हिरदराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा संत हिरदाराम ऑडिटोरियम में किया गया था।

विद्यालय के छात्र कुनाल रामनानी कक्षा 11वीं ने चित्रकला प्रतियोगिता एवं वैदिक गुप्ता तथा अक्षत शर्मा कक्षा 12वीं ने क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षिका हुमा खान को छात्रों के मार्गदर्शन करने हेतु पुरस्कृत किया गया। सिद्ध भाऊ ने अपने संप्रेषित संदेश में छात्रों को असीम शुभकामनाएँ देते हुए अपने भीतर कलात्मकता को जीवंत बनाएँ रखने तथा अकादमिक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु अपील की।




## रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भोपाल में लीजेन्ड्स लीग क्रिकेट ट्रॉफी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**भोपाल।** लीजेन्ड्स लीग क्रिकेट ने आज प्रतिष्ठित ट्रॉफी के साथ देश के सबसे तेज़ रेल नेटवर्क- वंदे भारत एक्सप्रेस के माध्यम से भोपाल से अपनी यात्रा की शुरूआत की। देश भर में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह ट्रॉफी 17 विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से होकर गुज़रेगी। 15 दिनों का अपनी तरह का यह अनूठा अनुभव हर व्यक्ति की कल्पना को साकार करेगा जो खेल खेलने और खेल के दिग्गजों का अनुसरण करने का सपना देखता है। इस अवसर पर श्री सईद किरमानी, श्री जोंटी होंड्स, श्री मोंटी पानेसर और श्री ईश्वर चंद पाण्डेय भी कमलापति रेलवे स्टेशन पर मौजूद रहे, जब मंत्री जी ने हरी झण्डी दिखाकर टूर को रवाना किया। चार क्रिकेटर ट्रेन पर सवार होकर इस लीग के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर रेलवे मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, ''हम वंदे भारत पर लीजेन्ड्स लीग क्रिकेट और दिग्गज खिलाड़ियों का स्वागत करते हैं और उम्मीद करते हैं कि यह अतुलनीय यात्रा देश में खेलों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। क्रिकेट में हर स्तर पर साझेदारियां बेहद महत्वपूर्णहोती हैं, मैं इस बेहतरीन साझेदारी के लिए श्री अश्विनी वैष्णव जी के प्रति आभारी हूं, जिसकी शुरूआत लीजेन्ड्स लीग क्रिकेट और भारतीय रेलवे के साथ हुई है।

# भारतीय संस्कृति के सभी पर्व योग एवं आयुर्वेद की शिक्षा देते हैं: योग गुरु महेश अग्रवाल

**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केन्द्र के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया की हमारे सभी त्यौहार योग एवं आयुर्वेद की शिक्षा देते हैं। यदि हम ध्यान पूर्वक अध्ययन करें तो वैज्ञानिक तथ्य भी होते है, राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस हर साल धन्वंतरी जयंती या धनतेरस के दिन मनाया जाता है। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की शुरुआत साल 2016 में हुई थी । इसका उद्देश?य आयुर्वेद क्षेत्र से जुड़े हितधारकों और उद्यमियों को कारोबार के नए अवसरों के प्रति जागरूक करना है। आयुर्वेद सालों से हमारे अच्छे स्वास्थ्य में अपनी भूमिका निभाता आ रहा है। ऐसे में आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया जाता है ।



## घर-घर जनसंपर्क के दौरान विश्वास सारंग का किया स्वागत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा के चुनाव को लेकर भाजपा उम्मीदवार जोर शोर से प्रचार में जुटे हुए है। भोपाल की नरेला विधानसभा से उम्मदीवार विश्वास सारंग का जनसंपर्क 2.0 धुआंधार अंदाज में जारी है। सारंग प्रतिदिन जनता के बीच पहुंचे रहे है और जीत का आशीर्वाद ले रहें है। जनता भी उन्हें भरपूर समर्थन दे रही है।

वहीं जनसंपर्क के दौरान लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने के लिए सडक किनारे लगी दीयों की दूकान पर रुक कर उन्होंने मिट्टी के दीये ख़रीदे और ऑनलाइन पेमेंट किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद सभी लोगों से लोकल सामान को बढ़ावा देने की भी अपील की। गुरुवार को विश्वास सारंग ने तीन वार्ड 39, 40 और 41 में एक साथ जनसंपर्क किया। सारंग ने पैदल ही घर-घर पहुंच कर रहवासियों से मुलाक़ात की और कमल के पक्ष में वोट करने का निवेदन किया। इस दौरान रहवासियों ने सारंग का जोरदार स्वागत करते हुए उन पर फूलों की वर्षा की। महिलाओं ने उनकी आरती उतारी और विजय श्री का तिलक लगाया। क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के लिए रहवासियों ने उन्हें धन्यवाद दिया।

## बीम संचुरी ने मध्यप्रदेश में ओकस्मिथ इंटरनेशनल के साथ अपनी प्रीमियम व्हिस्की पेशकशें बढ़ाईं

**भोपाल।** ओकस्मिथ भारत की पहली ट्रुली इंटरनेशनल ब्लेंडेड व्हिस्की है, जिसे संचुरी के चीफ ब्लेंडर शिंजी फुकुयो ने तैयार किया है, जो इससे पहले लोकप्रिय जापानी व्हिस्की हिबिकी और यामाज़ाकी का निर्माण कर चुके हैं। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ स्कॉच माल्ट्स और सबसे स्मूथ अमेरिकन बूर्बन को मिलाकर विश्वस्तरीय जापानी ब्लेंडिंग तकनीकों द्वारा भारतीय ग्राहकों को पूर्व और पश्चिम का सर्वश्रेष्ठ मिश्रण पेश किया है। प्रीमियम स्पिरिट्स में विश्व की अग्रणी कंपनी, बीम संचुरी ने मध्य प्रदेश में भारत की पहली इंटरनेशनल ब्लेंडेड व्हिस्की, ओकस्मिथ0 इंटरनेशनल पेश की है। दिसंबर 2019 में महाराष्ट्र और तेलंगाना में सफल लॉन्च और फिर पश्चिम बंगाल, गोवा, असम, चंडीगढ़, यूपी, कर्नाटक, सिक्किम, मेघालय और पुडुचेरी में तेज़ी से विस्तार करते हुए यह ब्रांड अब मध्य प्रदेश में अपने ब्लेंड वैरिएंट ओकस्मिथ0 इंटरनेशनल के साथ उपलब्ध हो गया है। ओकस्मिथ व्हिस्की, जापानी व्हिस्की के फ़ाउंडिंग हाउस, संचुरी के चीफ ब्लेंडर और विश्वप्रसिद्ध, शिंजी फुकुयो द्वारा बनाई गई है।

# ध्रुवनारायण सिंह ने कुशाभाऊ ठाकरे आवासीय परिसर में जनसंपर्क किया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्य विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी श्री ध्रुवनारायण सिंह ने भाजपा अरेरा,शाहपुरा मंडल अध्यक्ष श्री मुकुल लोखंडे, उत्कर्ष नायक, के साथ आज महाजनसंपर्क अभियान के रूप में वार्ड-49,48,50 के अंतर्गत आने वाली कुशाभाऊ ठाकरे परिसर फेस-1 फेस-2 एवं भोपाल विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित मल्टियों में जनसंपर्क किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। ध्रुवनारायण सिंह ने कहा में अभिभूत हूँ कुशाभाऊ ठाकरे परिसर मल्टियों वासियों का जो आज मुझे अपार स्नेह और अपना पन दिया जिसके लिए में सभी मल्टीवासियो का ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूँ। भाजपा मध्य प्रत्याशी ध्रुवनारायण सिंह का मल्टीवासियो ने जगह जगह बम फाटकों से फूल मालाओं से महिलाओं ने बुजुर्गों ने युवाओं ने स्वागत किया।

भाजपा अरेरा मंडल,भाजपा शाहपुरा मंडल के वार्ड-49,48,50 दुर्गा चौक से प्रारंभ होकर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर गड्ढे वाली मल्टियां फेस-1,कुशाभाऊ ठाकरे परिसर फेस-2 मल्टियां, भोपाल विकास प्राधिकरण के द्वारा निर्मित मल्टियों में महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। आज के जनसंपर्क में बीडीए उपाध्यक्ष श्री सुनील पांडेय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष श्री अशोक सैनी,भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री संतोष व्यास,सुशील सिंह ठाकुर,शिवनारायण शर्मा,भगवत रघुवंशी,भाजपा जिला मंत्री राजकुमार विश्वकर्मा,शक्ति दुबे,भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्री राकेश सिंह बिष्ट, भाजपा मंडल महामंत्री श्री अभिषेक पुरोहित, शाहपुरा मंडल महामंत्री श्री राज पाटीदार, लक्ष्मीनारायण जाटव, पार्षद जोन अध्यक्ष बाबुलाल यादव,पार्षद-48 अरविंद वर्मा,मंडल उपाध्यक्ष श्री सिद्धार्थ सोनवाने, रजनीश सेन, युवामोर्चा अध्यक्ष श्री रवि नाहर सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



# जब से देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार तब से भारत की अलग ही पहचान बनी : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

## सुरखी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत के समर्थन में कीक आमसभा



**सागर।** सुरखी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत के समर्थन में गुरुवार को बिलहरा पुलिस ग्राउंड पर विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर शामिल होने के लिए मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती आनें वाली थीं, लेकिन स्वास्थ्य कारणों के चलते नहीं आ पाई। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को फोन करके जनता से क्षमा मांगी और उपस्थित जनसमूह को फोन पर ही संबोधित किया। जनसभा को भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मंत्री गोपाल भार्गव ने संबोधित किया।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश और प्रदेश में बनी है, पूरे विश्व में भारत की अलग ही पहचान उभरकर सामने आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली इस सरकार में आज कोई भी हमारे देश को आंखें नहीं दिखा सकता। बड़े-बड़े विकसित देश हमारे देश का सम्मान करते हैं। यह नरेंद्र मोदी की डबल इंजन की सरकार है। जिसने मप्र को बीमारू राज्य से बेमिशाल राज्य बना दिया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सुरखी विकास के लिए प्रदेश में ही नहीं, केंद्र में हम लोगों को परेशान करते रहते हैं। जनता के लिए उनका यह समर्पण ही है, जो आपके लिए मुझसे कई दफा सुरखी विधानसभा क्षेत्र को रेल लाइन से जोड़ने की बात कह चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेरा यह सुरखी की जनता से वादा है कि गोविंद सिंह राजपूत को प्रचंड बहुमत के साथ विजयी बनाएं तो मैं गोविंद सिंह राजपूत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने ले जाकर सुरखी के लिए रेलवे लाइन से जोड़ने की स्वंय बात करूंगा और जल्द ही आपकी सुरखी विधानसभा क्षेत्र रेलवे लाइन से जुड़कर विकास के नए आयामों को स्थापित करेगा। रेल मंत्री ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने किसानों को ठगा है, जहां न महिलाएं सुरक्षित थी, न सड़क-बिजली पानी की व्यवस्था थी। मप्र बदहाल बीमारू राज्य था, लेकिन भाजपा ने प्रदेश को संवारा है। अगर फिर से कांग्रेस की सरकार बनी तो हमारी माताएं-बहनें घूंघट में घुट-घुटकर मर जाएंगी। रेल मंत्री ने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता ही सनातन विरोधी हो गई है, इसलिए वह हमारे सनातन को गंदी बीमारी कहते हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने सभा में उपस्थित न होने पर मोबाइल फोन पर जनसमूह से माफी मांगी और सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गोविंद सिंह राजपूत और मुझमें सिर्फ इतना अंतर है कि हम एक मां की कोख से पैदा बस नहीं हुए हैं, लेकिन वह हमारे अविभिन्न अंग हैं। गोविंद मेरा भाई है, जो आपकी सेवा में हमेशा तत्पर रहता है। उन्होंने कहा कि गोविंद सिंह राजपूत को भारी मतों से सभी लोग विजयी बनाएं। ताकि मेरा सिर भी गर्व से ऊंचा रहे, क्योंकि इंदिरा गांधी के सिर पर नेहरू का हाथ था, सोनिया गांधी के सिर इंदिरा गांधी का हाथ था और मेरे सिर पर सिर्फ जनता का हाथ है। जिनके आशीर्वाद से उमा भारती की पहचान है। उन्होंने जन साधारण से भाजपा को जिताने की अपील की और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और मंत्री गोपाल भार्गव का अभिनंदन किया।

मंत्री गोपाल भार्गव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किए गए विकास कार्य पूरे प्रदेश में दिख रहे हैं। ये कांग्रेसी हमारी बनाई हुई सड़कों पर चलकर हमारे लिए ही कोसते हैं। जबकि वह भूल जाते हैं कि कांग्रेस की सरकार में न तो बिजली थी, सड़क-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी जनता को संघर्ष करना पड़ता था। भाजपा की सरकार ने किसान सम्मान निधि, कन्यादान योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना जैसी अनेकों योजनाएं बनाकर हर वर्ग के लिए संबल दिया है। वहीं हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास देकर हर गांव की तस्वीर बदल दी है। आज गांव-गांव में पक्की सीमेंटेड सड़कें, नल जल योजना से घर-घर पानी, बिजली, स्कूलें और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह सब कुछ भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही संभव हो पाया है। मंत्री भार्गव ने कहा कि सुरखी की जनता के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को आपके लिए बहुमत के साथ विजयी बनाना है। ताकि विकास का यह पहिया और तेजी से साथ चले और सुरखी विधानसभा प्रदेश में सबसे विकसित विधानसभा बन सके।

सुरखी से भाजपा प्रत्याशी व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि आज हमारे बीच स्वास्थ्य कारणों के चलते दीदी उमा भारती नहीं आ पाईं, लेकिन उन्होंने फोन पर ही मुझे आशीर्वाद देते हुए आप सभी का अभिवादन करते हुए आभार जताया है। यह आपका स्नेह ही है कि आप इतनी बड़ी संख्या में यहां पधारे। मैं दोनों हाथ जोड़कर आपको प्रणाम करता हूं। मंत्री गोविंद सिंह ने कहा कि किसी समय बिलहरा में जल संकट हुआ करता था, लेकिन अब यहां घर-घर टोंटी से पानी पहुंच रहा है। हमारी माताओं-बहनों को कुएं पर पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ रहा। कांग्रेस केवल झूठ बोलकर सत्ता को पाना चाहती है, वो आपकी भावनाओं को नहीं समझती, केवल वोटर के तौर पर आपको उपयोग करना जानती है। जबकि भारतीय जनता पार्टी एक परिवार की तरह हैं, जिसका मूल सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः है।

## मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण आर्गनाइजेशन ने किया निःशुल्क वस्त्र वितरण



**भोपाल।** संस्था मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण आर्गनाइजेशन ने मानवता के वस्त्र के माध्यम से निःशुल्क वस्त्र वितरण का आयोजन किया जिसमें पुराने व नये पहनने योग्य कपड़ो का केम्प लगाया गया जिसमें गरीब बस्तियों से आनेजाने वाले गरीब लोगों को कम्बल, वस्त्र वितरण किये गये। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव डॉ श्रीकांत अवस्थी जी, प्रदेश अध्यक्ष म0प्र0 श्री अरूण कुमार द्विवेदी जी, प्रदेश महामंत्री अरूण वागद्रे जी, महिला जिला उपाध्यक्ष भोपाल सुलक्षणी त्रिपाठी, ज़िला उपाध्यक्ष मुंशीलाल यादव जी, प्रबंधन सचिव कृष्णकांत अग्निहोत्री, गोविंदपुरा क्षेत्र के उपाध्यक्ष जाकोप पीटर जी, जिला सदस्य राजू वागद्रे जी , अजीत सिंह यादव जी, विकास मालवीय जी व अन्य सदस्यों ने इस कार्यक्रम में बढ-चढकर हिसा लिया और लोगों तक निःशुल्क वस्त्र पहुंचाए। संस्था उन सभी लोगों का अभार व्यक्त करती है जिन्होनें इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

## शैलेंद्र रैना कांग्रेस प्रदेश सचिव बने



**भोपाल।** शैलेंद्र रैना को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी का सचिव मनोनीत किया गया है उपाध्यक्ष प्रभारी संगठन राजीव सिंह द्वारा शैलेंद्र राणा को सचिव मनोनीत करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार शैलेंद्र रैना को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सचिन के पद पर मनोनीत किया जाता है उपाध्यक्ष प्रभारी संगठन राजीव सिंह ने उम्मीद जताई कि शैलेंद्र रैना राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की भावना अनुसार पार्टी संगठन की मजबूती हेतु सौंप गए दायित्व का निर्वाह पूर्ण निष्ठा से करेंगे शैलेंद्र रैना के सचिव नियुक्त होने पर पीयूष मालवीय रवि डलिया भगत शुभम विश्वकर्मा नदीम आदिल रोगन विष्णु आदि ने शुभकामनाएं दीं

# प्रियंका नहीं जानती भगवान राम कितने वर्ष वनवास में रहे: : शिवराज सिंह चौहान

## मुख्यमंत्री ने 10 चुनावी सभाओं को संबोधित किया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में सुसनेर, कोलारस, शिवपुरी, करैरा, भाण्डेर, सेंवढ़ा, डबरा, भितरवार, ग्वालियर दक्षिण और ग्वालियर पूर्व समेत 10 चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंडी गठबंधन के सहयोगी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री चौहान ने नीतीश कुमार के विधानसभा में अमर्यादित बयान पर कहा कि, बहन-बेटियों को जो इस तरह से बेइज्जत करें, उनके सम्मान के साथ खिलवाड़ करें ऐसे व्यक्ति, मुख्यमंत्री रहने के लायक नहीं हैं, उन्हें पद छोड़ देना चाहिए, माफी मांगने से काम नहीं चलेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि हैरानी की बात तो ये है कि, नीतीश के इस बयान पर इंडी गठबंधन के किसी नेता या कांग्रेस ने कोई विरोध नहीं किया।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस और राहुल-प्रियंका पर निशाना साधते हुए कहा कि, दोनों भाई-बहन इतने झूठे हैं कि, कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। प्रियंका गांधी ने तो इतिहास को भी गलत बता दिया। भगवान राम के बारे में वो जानते नहीं हैं। हमारा देश, हमारी संस्कृति, हमारे जीवन मूल्य, हमारी परंपराएं उनके बारे में उन्हें कोई जानकारी ही नहीं है। प्रियंका कह रहीं है कि, भगवान राम को 13 वर्ष का वनवास हुआ था। जबकि भारत का बच्चा-बच्चा जानता है कि, वनवास 14 वर्ष का हुआ था। पहले ये लोग भगवान राम का विरोध करते थे अब चुनाव के कारण राम नाम की दुषाला ओढ़ रहें हैं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, कांग्रेस जो पाखंड करती हैं वह उनकी जुबान पर आ ही जाता है, मुझे तो आश्चर्य हुआ कि, प्रियंका गांधी, स्वर्गीय राजीव गांधी की पोल खोल रही थीं। उन्होंने कहा कि, राजीव गांधी ने कभी विकास किया ही नहीं वह अपने क्षेत्र अमेठी में जाते थे तो जनता उन्हें डांटती थी कि, इतने साल हो गए हैं तुमने सड़क नहीं बनवाई, स्कूल की मरम्मत नहीं करवाई, टीचर नहीं बैठाया, उन्होंने खुद यह बता दिया कि कांग्रेस का विकास से कोई लेना-देना ही नहीं है। उनके स्वर्गीय पिताजी ने भी कोई विकास नहीं किया। सीएम ने कहा कि, कांग्रेस का विकास से कभी कोई वास्ता नहीं रहा है। मुख्यमंत्री चौहान ने इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि, ये इंडी गठबंधन नहीं बल्कि दलदल है। गठबंधन में कोई सनातन धर्म को गाली देता है, कोई सनातन धर्म को खत्म करने की बात करता है, कोई सनातन को डेंगू मलेरिया कहता है, अलग-अलग लोग अलग-अलग बातें करते हैं। ये लोग तो पूरे देश को तबाह और बर्बाद कर देंगे, इनमें कोई ताल-मेल और सामंजस्य नहीं है। कमलनाथ तो अखिलेश-वखिलेश जैसे शब्दों का प्रयोग करते हैं।

# कांग्रेस फैला रही जातिवाद का जहर : ज्योतिरादित्य सिंधिया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

केंद्रीय नागरिक एवं उड्डयन मंत्री श्री ज्योदिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को मान्धाता, बदनावर, सोनकच्छ, भोजपुर और भोपाल उत्तर विधानसभा में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को सबोधित कर जनता से भाजपा को जिताने की अपील की। श्री ज्योदिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस जातिगत जनगणना के नाम पर जातिवाद का जहर फ़ैलाने की कोशिश कर रही है लेकिन जनता इनके मंसूबों को पूरा नहीं होने देगी। हमें जातिवाद के विष में नहीं फंसना है क्योकि आपका विकास सिर्फ कमल का फूल ही करेगा। हमें 17 नवंबर को सनातन का विरोध करने वाली इस कांग्रेस का बोरिया बिस्तर बाँध कर मध्यप्रदेश से निकाल फेंकना है।



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने खंडवा ज़िले के मांधाता में भाजपा प्रत्याशी श्री नारायण पटेल के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने ओंकारेश्वर धाम को प्रणाम करते हुए कहा कि इस क्षेत्र से मेरा और सिंधिया परिवार का एक आध्यात्मिक रिश्ता है, शायद यहाँ मौजूद बहुत लोगों को पता न हो पर आज भी सिंधिया परिवार के द्वारा ओंकारेश्वर मंदिर में पूजा कराई जाती है। पुजारियों द्वारा तीन बार पूजा की जाती है जिसमें आज भी मध्यान्ह में की जाने वाली पूजा सिंधिया राज्य पुजारी द्वारा की जाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने इस क्षेत्र में समग्र विकास किया है। विकास का यह क्रम निरंतर जारी रहे इसके लिए श्री नारायण पटेल को भारी मतों से विजयी बनाइये।

ज्योदिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आदि शंकराचार्य जी की ज्ञान भूमि ओंकारेश्वर में 2100 करोड़ लागत से उनकी 108 फीट ऊंची भव्य और दिव्य 'एकात्मता की मूर्ति' का अनावरण एवं अद्वैत लोक का शिलान्यास किया है, जो भारत की बढ़ती आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है। यही नहीं भाजपा सरकार ने उज्जैन में श्री महाकाल लोक का निर्माण किया है और जल्दी ही 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। एक तरफ जहाँ हम विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, जो देश के हाथ और पैर हैं। दूसरी ओर मोदी जी के नेतृत्व में हमारी बढ़ती हुई आध्यात्मिक शक्ति है जो भारत का दिल है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत एक आर्थिक शक्ति के साथ- साथ आध्यात्मिक शक्ति भी बन गया है। सभा को सम्बोधित करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि जातिवाद के विष में मत फंसो, आपका विकास और प्रगति सिर्फ कमल का फूल ही कर सकता है। कांग्रेस जातिगत जनगणना के नाम पर जातिवाद का जहर फ़ैलाने की कोशिश कर रही है लेकिन जनता इनके मंसूबों को भलीभांति जान चुकी है इसलिए इनके बहकावे में नहीं आने वाली। उन्होंने कहा कि किसानों को सम्मान निधि का फायदा मिल रहा है,बहनों को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है।

## एसीओआईएन, एमपी चैप्टर द्वारा एम्स की रोगी कल्याण समिति को योगदान

**भोपाल।** एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी ऑप्थल्मोलॉजिस्ट ऑफ इंडिया (एसीओआईएन), एमपी चैप्टर ने एम्स, भोपाल की रोगी कल्याण समिति को 25,000 रु. का योगदान किया है। इस समिति की परिकल्पना एम्स, भोपाल के दूरदर्शी कार्यपालक निदेशक, प्रो. (डॉ.) अजय सिंह द्वारा की गई थी।

रोगी कल्याण समिति की स्थापना उन रोगियों की सहायता करने के उद्देश्य से की गई थी जो बीपीएल या आयुष्मान भारत जैसी किसी भी सरकारी योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं, और आवश्यक चिकित्सा उपचार और दवाओं का खर्च उठाने के लिए संघर्ष करते हैं। समिति यह सुनिश्चित करती है कि इस धन के उपयोग से वंचित रोगियों को समय पर और आवश्यक चिकित्सा सुविधा ध्यान मिल सके। इस सराहनीय कार्य के लिए प्रारंभिक धनराशि एम्स, भोपाल द्वारा प्रदान की गई थी। एम्स, भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने रोगी कल्याण समिति में उनके उदार योगदान के लिए एसीओआईएन, एमपी चैप्टर के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य पर सकारात्मक प्रभाव डालने में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया और इच्छुक नागरिकों को व्यापक हित के लिए इस फंड में योगदान करने का आह्वान भी किया।

# केशव प्रसाद मौर्य ने लहार, भिण्ड व अटेर में की सभाएं

**भिण्ड।** यह चुनाव राष्ट्रवाद और हमारे सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए लड़ा जा रहा है। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की विजय मिशन 2024 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की ताकत को मजबूती प्रदान करेगा। मैं जहां-जहां भी मध्यप्रदेश में जा रहा हूं पूरा वातावरण भाजपा के पक्ष में है और मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार भारी बहुमत से बन रही है। यह बात उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरूवार को लहार के मिहोना में पार्टी प्रत्याशी श्री अमरीश शर्मा गुड्डु, भिण्ड के खंडार रोड में श्री नरेंद्र सिंह कुशवाह तथा अटेर के परा में डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही।

*भारत आत्मनिर्भर विकास की तरफ बढ़ रहा*



उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में हमारी लड़ाई कांग्रेस से है, अभी तो यह ट्रेलर है और पिक्चर 2024 में देखने को मिलेगी। सारा हिंदुस्तान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की राष्ट्रवादी नीतियों से आज आत्मनिर्भर विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण में जितना उत्तर प्रदेश की जनता का योगदान है उतना ही मध्यप्रदेश की जनता का भी है। जब देश भर के कारसेवक अयोध्या के लिए पहुंचे थे तो उन पर डंडे और गोलियां समाजवादी सरकार द्वारा बरसाई गई थीं। अब हमारी सरकार द्वारा समस्त रामभक्तों को 22 जनवरी के दिन धर्मनगरी अयोध्या में आमंत्रित किया गया हैं। यह कितना सुंदर बदलाव हमारी उत्तरप्रदेश भाजपा सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि 2019 के आमचुनाव में पूरे हिंदुस्तान से जनता ने भाजपा का समर्थन कर कांग्रेस और समस्त विपक्षी दलों को उखाड़ फेंक दिया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने गरीबों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाओं को संचालित किया है, जिसमें चार करोड़ गरीब परिवारों को पक्का मकान दिया है, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रतिवर्ष 6 हजार रूपए और मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार ने 6 हजार रूपए देकर हर वर्ष 12 हजार रूपए किसानों के खाते में पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा की लाड़ली बहना योजना जो मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण की मजबूती को प्रदान कर रही है उनके खातों में 1 हजार से बढ़कर 1250 रुपए और अब धीरे-धीरे प्रदेश में सरकार बनने पर 3 हजार रूपए की राशि लाड़ली बहनों के खातों में सीधा पहुंचेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने लहार में कहा कि यहां से इस बार इतिहास रचा जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री अमरीश शर्मा गुड्डु भारी बहुमत से विजयी होंगे। उनके विधायक बनते ही मैं आपके बीच आकर जनता जनार्दन का अभिवादन करूंगा। आप सभी लोग दोनों हाथ उठाकर संकल्प लें कि कांग्रेस के कुशासन को हमें यहां से उखाड़ कर भाजपा का विधायक बनाएं और केंद्र में नरेंद्र मोदी की ताकत को मजबूती प्रदान करें। इस अवसर पर मध्य प्रदेश बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह कुशवाह, रोमेश महंत, अशोक चौधरी, नंदराम सिंह बघेल, लाइक सिंह कुशवाहा, इटावा सदर की विधायक सरिता भदौरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, जयप्रकाश राजौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया, रामप्रकाश तिवारी, विधानसभा संयोजक नवल किशोर मिश्रा, रामकुमार महते, मंडल अध्यक्ष दीपक सिंह राजावत, शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

स म्पा द की य

# गहन विमर्श की जरूरत



बिहार में कास्ट सर्वे यानि जातिगत जनगणना की रिपोर्ट का दूसरा हिस्सा जैसे ही सार्वजनिक किया गया, तुरंत उसके बाद जिस तरह से आरक्षण सीमा बढ़ाने की मांग हुई और तत्काल कैबिनेट ने नए कोटा बिल को मंजूरी दे दी। यह सब अप्रत्याशित तो नहीं है, लेकिन इसे एकदम उचित भी नहीं कहा जा सकता। यह सही है कि कास्ट सर्वे रिपोर्ट से जुड़े शिक्षा और आर्थिक सर्वेक्षण वाले हिस्से ने भी कई चौंकाने वाले तथ्य जाहिर किए हैं, लेकिन पहले इन तथ्यों का ठीक से अध्ययन किया जाना चाहिए था।

सर्वे रिपोर्ट की बात करें तो बिहार के कुल 2.76 करोड़ परिवारों में से 63.74 प्रतिशत परिवार ऐसे पाए गए, जिनकी मासिक कमाई दस हजार रुपये भी नहीं है। यह बात भी अब आधिकारिक तौर पर स्पष्ट हो गई है कि इस आर्थिक रूप से कमजोर हिस्से का बड़ा भाग अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग यानि ओबीसी वर्गों से आता है। लेकिन इसके बावजूद जिस हड़बड़ी में इन समुदायों के लिए 65 प्रतिशत आरक्षण का जो प्रस्ताव आगे बढ़ा दिया गया है, वह आगे चलकर कई तरह की जटिलताओं को जन्म दे सकता है।

सामान्य स्थितियों में यह बात सही है कि शिक्षा संस्थानों में और सरकारी तंत्र में भी जनसंख्या के सभी हिस्सों का समुचित प्रतिनिधित्व होना चाहिए। परंतु एक तो यह लक्ष्य ऐसा नहीं है, जिसे किसी जादू की छड़ी के जरिए चटपट हासिल कर लिया जाए। और दूसरा, जल्दबाजी में प्रतिनिधित्व देते समय यह भी ध्यान नहीं रह पाता कि सामने वाला इस योग्य है भी या नहीं। नहीं है, तो उसे इतना योग्य तो बनाया ही जाए कि वो अपने आप को साबित कर सके।

असल में किसी भी समाज के वहां तक पहुंचने की प्रक्रिया जटिल होती है और उसमें समय भी लगता है। अगर आरक्षण को ही लिया जाए तो मौजूदा राजनीतिक नेतृत्व के एक हिस्से ने इसे हर बीमारी का इलाज मान लिया लगता है। हालांकि इसके साइड इफेक्ट हमें महाराष्ट्र समेत तमाम राज्यों में दिखते रहे हैं, जहां नए-नए और अपेक्षाकृत ताकतवर समूह भी खुद को वंचितों की श्रेणी में रखते हुए आरक्षण की मांग करने लगते हैं। इन मांगों का फायदा उठाना अलग बात है और समाज का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ना बिल्कुल अलग। राजनीतिक नेतृत्व अगर इन दोनों के बीच फर्क करते हुए आगे बढ़ सके तो यह दूरगामी नजरिए से सबके हित में होता है। और यदि केवल आरक्षण ही सब समस्याओं का हल होता तो सत्तर-पचहत्तर साल बाद शायद इसकी जरूरत भी नहीं पड़ती।

अफसोस की बात है कि बिहार में जिस तरह की हड़बड़ी दिखाई गई, उसके पीछे केवल और केवल चुनावी लाभ हासिल करने की मंशा ही ज्यादा लगती है। यह बात सभी जानते हैं कि आरक्षण पर पचास प्रतिशत की अधिकतम सीमा की सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक अभी लागू है। ऐसे में बिहार विधानसभा से प्रस्ताव पारित करने का व्यवहार में कोई अर्थ नहीं है सिवाय इसके कि मतदाताओं के बीच खास तरह का संदेश भेज दिया जाए।

चुनावी हितों और आरक्षण बढ़ाने की हड़बड़ी से अलग कसौटियों पर देखें तो जातिगत जनगणना से निकले आंकड़ों को नीति का आधार बनाने से पहले कई और स्तरों पर परखे जाने की आवश्यकता प्रतीत होती है। उदाहरण के लिए, नीति आयोग का मल्टी डाइमेंशनल पॉवर्टी इंडेक्स बिहार में गरीबी का प्रतिशत 51.91 बताता है। यह कास्ट सर्वे के आंकड़े 63.74 फीसदी से अलग है। इसके पीछे कारण यह है कि इसमें कई इंडिकेटर्स को आधार बनाया गया है जबकि कास्ट सेंसस डेटा यानि जातिगत जनगणना सिर्फ मासिक आय के सर्वेक्षण पर आधारित है।

यह सही है कि जातिगत जनगणना का अपना महत्व है। आर्थिक सवेक्षण का अपना महत्व है। लेकिन जातिगत आधार पर पिछड़ेपन का खाली अनुमान लगाया जाता रहा है। इसलिए यह जनगणना आने वाले समय के लिए नीति निर्धारण का आधार बन सकती है। और बनाया जाना भी चाहिए। यह बार-बार कहा जाता रहा है कि केवल आरक्षण ही हर समस्या का हल नहीं है। यह वोट तो दिला सकता है, लेकिन सभी के साथ न्याय नहीं कर सकता। एक कड़वा सच यह भी है कि आरक्षण के चलते योग्यता दम घुट कर मरने को विवश हो जाती है। दूसरी तरफ हमें सभी तबकों को मुख्य धारा में भी लाना है।

योजनाएं भी इसके लिए बनाई और चलाई जा रही हैं, लेकिन एक बहुत बड़ी विडम्बना यह भी है कि इन योजनाओं के अनुपालन में भी ईमानदारी का प्रतिशत बहुत कम है। और आरक्षित वर्गों में भी यह देखा जाता है कि जो लाभ पाता है, वही पाता चला जाता है, दूसरे लोगों की अनदेखी होती ही रहती है। ओबीसी में क्रीमी लेयर इसीलिए बनाई गई थी। अब आरक्षण लागू करते समय हर वर्ग में क्रीमी लेयर का बनाना भी जरूरी हो गया है, ताकि एक ही वर्ग के सभी परिवारों तक लाभ तो पहुंचे। समाज का संतुलन हर तरह से बनाना सरकारों की जिम्मेदारी है, इसके लिए समाज के सभी वर्ग सहयोग करें तभी यह संभव है। इसके लिए हर जगह इनका प्रतिनिधित्व होना भी अनिवार्य है। फिलहाल जल्दबाजी में कोई कदम उठाने के बजाय चिंतन और मनन की आवश्यकता है। ताकि जो पिछड़े हैं उन्हें भी मौका मिले, वे मुख्य धारा में आएं। और जो प्रतिभाशाली व योग्य हैं, उनका मौका भी न छिने।

# समृद्धि और स्वास्थ्य का पर्व धनतेरस

धनतेरस का त्योहार दिवाली त्योहार के पहले दिन को दर्शाता करता है। यह त्योहार लोगों के जीवन में समृद्धि और स्वास्थ्य लाने के लिए माना जाता है और इसलिए इसे बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। दीपावली का प्रारम्भ धनतेरस से हो जाता है। धनतेरस पूजा को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस के दिन नई वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस के दिन चांदी खरीदने की भी प्रथा है। अगर सम्भव न हो तो कोई बर्तन खरीदे। इसके पीछे यह कारण माना जाता है कि यह चन्द्रमा का प्रतीक है जो शीतलता प्रदान करता है और मन में सन्तोष रूपी धन का वास होता है।

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दौरान अपने घर में 13 दीये जलाना चाहिए और अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। जिसमें से सबसे पहले दक्षिण दिशा में यम देवता के लिए और दूसरा धन की देवी मां लक्ष्मी के लिए जलाना चाहिए। इसी तरह दो दीये अपने घर के मुख्य द्वार पर एक दीया तुलसी महारानी के लिए एक दीया घर की छत पर और बाकी दीये घर के अलग-अलग कोने में रख देने चाहिए। माना जाता है कि यह 13 दीये नकारात्मक ऊर्जा और बुरी आत्माओं से रक्षा करते हैं।

धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है। शास्त्रों में कहा है कि जिन परिवारों में धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त दीपदान किया जाता है। वहां अकाल मृत्यु नहीं होती। घरों में दीपावली की सजावट भी इसी दिन से प्रारम्भ होती है। इस दिन घरों को लीप-पोतकर, चैक, रंगोली बना सायंकाल के समय दीपक जलाकर लक्ष्मी जी का आवाहन किया जाता है। इस दिन पुराने बर्तनों को बदलना व नए बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। धनतेरस को चांदी के बर्तन खरीदने से तो अत्यधिक पुण्य लाभ होता है। इस दिन कार्तिक स्नान करके प्रदोष काल में घाट, गौशाला, कुआं, बावली, मंदिर आदि स्थानों पर तीन दिन तक दीपक जलाना चाहिए।

धनतेरस का दिन धन्वन्तरी त्रयोदशी या धन्वन्तरि जयन्ती भी होती है। धनतेरस को आयुर्वेद के देवता का जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन गणेश लक्ष्मी घर लाएं जाते है। इस दिन लक्ष्मी और कुबेर की पूजा के साथ-साथ यमराज की भी पूजा की जाती है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। यह पूजा दिन में नहीं की जाती अपितु रात्रि होते समय यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है।



धनतेरस के दिन यमराज को प्रसन्न करने के लिए यमुना स्नान भी किया जाता है अथवा यदि यमुना स्नान सम्भव न हो तो स्नान करते समय यमुना जी का स्मरण मात्र कर लेने से भी यमराज प्रसन्न होते हैं। हिन्दु धर्म की ऐसी मान्यता है कि यमराज और देवी यमुना दोनों ही सूर्य की सन्तानें होने से आपस में भाई-बहिन हैं और दोनों में बड़ा प्रेम है। इसलिए यमराज यमुना का स्नान करके दीपदान करने वालों से बहुत ही ज्यादा प्रसन्न होते और उन्हें अकाल मृत्यु के दोष से मुक्त कर देते है।

धनतेरस के दिन यम के लिए आटे का दीपक बनाकर घर के मुख्य द्वार पर रखा जाता हैं। इस दीप को यमदीवा अर्थात यमराज का दीपक कहा जाता है। रात को घर की स्त्रियां दीपक में तेल डालकर नई रूई की बत्ती बनाकर, चार बत्तियां जलाती हैं। दीपक की बत्ती दक्षिण दिशा की ओर रखनी चाहिए। जल, रोली, फूल, चावल, गुड़, नैवेद्य आदि सहित दीपक जलाकर स्त्रियां यम का पूजन करती हैं। चूंकि यह दीपक मृत्यु के नियन्त्रक देव यमराज के निमित्त जलाया जाता है, अतः दीप जलाते समय पूर्ण श्रद्धा से उन्हें नमन तो करें। साथ ही यह भी प्रार्थना करें कि वे आपके परिवार पर दया दृष्टि बनाए रखें और किसी की अकाल मृत्यु न हो। धनतेरस की शाम घर के बाहर मुख्य द्वार पर और आंगन में दीप जलाने की प्रथा भी है।

धनतेरस को मृत्यु के देवता यमराज जी की पूजा करने के लिए संध्या के समय एक वेदी (पाट्टा) पर रोली से स्वास्तिक बनाइये। उस स्वास्तिक पर एक दीपक रखकर उसे प्रज्वलित करें और उसमें एक छिद्रयुक्त कोड़ी डाल दें। अब इस दीपक के चारों ओर तीन बार गंगा जल छिडकें। दीपक को रोली से तिलक लगाकर अक्षत और मिष्ठान आदि चढाएं। इसके बाद इसमें कुछ दक्षिणा आदि रख दीजिए जिसे बाद में किसी ब्राह्मण को दे देवें। अब दीपक पर कुछ पुष्पादि अर्पण करें। इसके बाद हाथ जोडकर दीपक को प्रणाम करें और परिवार के प्रत्येक सदस्य को तिलक लगाएं। अब इस दीपक को अपने मुख्य द्वार के दाहिनी ओर रख दीजिए। यम पूजन करने के बाद अन्त में धनवंतरी पूजा करें।

इस प्रथा के पीछे एक लोक कथा है। कथा के अनुसार किसी समय में एक राजा थे जिनका नाम हेम था। दैव कृपा से उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। ज्योतिषियों ने जब बालक की कुण्डली बनाई तो पता चला कि बालक का विवाह जिस दिन होगा उसके ठीक चार दिन के बाद वह मृत्यु को प्राप्त होगा। राजा इस बात को जानकर बहुत दुखी हुआ और उन्होने राजकुमार को ऐसी जगह पर भेज दिया जहां किसी स्त्री की परछाई भी न पड़े। दैवयोग से एक दिन एक राजकुमारी उधर से गुजरी और दोनों एक दूसरे को देखकर मोहित हो गये और उन्होंने गन्धर्व विवाह कर लिया।

विवाह के पश्चात विधि का विधान सामने आया और विवाह के चार दिन बाद यमदूत उस राजकुमार के प्राण लेने आ पहुंचे। जब यमदूत राजकुमार प्राण ले जा रहे थे उस वक्त उसकी नवविवाहिता पत्नी का विलाप सुनकर उनका हृदय भी द्रवित हो उठा। परन्तु विधि के अनुसार उन्हें अपना कार्य करना पड़ा। यमराज को जब यमदूत यह कह रहे थे उसी वक्त उनमें से एक ने यमदेवता से विनती की। हे यमराज क्या कोई ऐसा उपाय नहीं है जिससे मनुष्य अकाल मृत्यु के लेख से मुक्त हो जाए। दूत के इस प्रकार अनुरोध करने से यमदेवता बोले हे दूत अकाल मृत्यु तो कर्म की गति है। इससे मुक्ति का एक आसान तरीका मैं तुम्हें बताता हूं सो सुनो। कार्तिक कृष्ण पक्ष की रात जो प्राणी मेरे नाम से पूजन करके दीप माला दक्षिण दिशा की ओर भेट करता है। उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। यही कारण है कि लोग इस दिन घर से बाहर दक्षिण दिशा की ओर दीप जलाकर रखते हैं।

चूंकि यह समृद्धि का त्योहार है, इसलिए लोग अपने घरों को भी साफ करते हैं, उन्हें एक नया रंग देते हैं और कई तरह से सजाते हैं। धनतेरस हर किसी को समृद्ध और अच्छे स्वास्थ्य का एहसास कराता है। दीपावाली धन से ज्यादा स्वास्थ्य और पर्यावरण पर आधारित त्योहार है। दीपावली एक ऐसा त्योहार है जिसके अपने पर्यावरणीय निहितार्थ है। मौसम मे बदलाव और दीपपर्व मे घनिष्ठ सम्बन्ध है। इसे समझते हुए कृपया दीपावली पर पर्यावरण को नुकसान पहुचाने वाली गतिविधिया ना करे।

# क्या आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) से कुछ बदलाव होगा ?

-राकेश दुबे

सारे देश आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) की चर्चा हो रही है। मौजूदा लहर इसकी परीक्षा की घड़ी है। जब भी कोई तकनीकी लहर पहली बार आती है तो हममें से कुछ लोग इसकी तारीफ करने लगते हैं जबकि कुछ लोग यह सोचने लगते हैं कि आखिर ये लोग इन बातों में अपना और हमारा समय क्यों खराब कर रहे हैं। उसके बाद जब वह तकनीकी लहर जोर पकड़ जाती है तो हममें से विचारशील लोगों के मन में एक तरह की चिंता घर करने लगती है।



एआई से जुड़ी तकनीकी लहर (चैटजीपीटी उसका एक आरंभिक उदाहरण है) की बात करें तो इस समय वह दूसरे चरण में है जहां विचारक और नीति निर्माता नीतिगत निर्देश देने और विशेषज्ञ समितियां गठित करने में व्यस्त हैं।ताजा मामला अमेरिका का है जहां कुछ दिन पहले राष्ट्रपति जो बाइडन ने ऐसा ही एक निर्देश दिया। चूंकि यह निर्देश अमेरिका से आया था यानी एक ऐसे देश से जिसे तकनीकी लहरों को अपनाने में अग्रणी माना जाता है, इसलिए उसे प्राथमिकता दी जा रही है।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी कई देशों के समूह को ऐसे ही एक निर्देश पर चर्चा करने के लिए बुलाया है। अमेरिका और ब्रिटेन की चिंताओं में कुछ बातें साझा हैं- एआई का इस्तेमाल आतंकवादियों और साइबर अपराधियों द्वारा नहीं किया जाना चाहिए, ऐसे तरीके निकाले जाने चाहिए ताकि गलत खबरों और फर्जी तस्वीरों को पहचाना जा सके और सबसे बढ़कर उनके देशों को एआई की इस लड़ाई में पीछे भी नहीं छूटना चाहिए।

ऐसी पहली तकनीकी लहर थी औद्योगिक क्रांति जो सबसे पहले इंगलैंड के मैनचेस्टर में 1750 के दशक में उभरी और फिर अगले 100 वर्षों तक समाज और पूरी दुनिया को प्रभावित किया। इसकी बदौलत ऐसी मशीनें बनीं जिन्होंने धागे की कताई और बुनाई शुरू की तथा मनुष्य तथा जानवरों की मदद से होने वाले काम की तुलना में कई गुना तेजी से कपड़ा बनना शुरू हो गया।इसके अलावा भाप इंजन के रूप में एक नया आविष्कार हुआ। निश्चित तौर पर इनके लिए प्रयास करने वाले उद्योगपतियों ने इसे क्रांति बताते हुए इसकी सराहना की लेकिन अन्य पर्यवेक्षकों मसलन मैनचेस्टर की यात्रा पर गए दो जर्मनों कार्ल मार्क्स और फेडरिक एंगेल्स ने माना कि यह मनुष्यों के समक्ष सबसे बुरी चीज घटित हुई है।

उन्होंने इसके विरुद्ध एक वैश्विक आंदोलन संगठित किया-साम्यवाद। यह आज भी मौजूद है। औद्योगिक क्रांति ने जो कुछ किया उसके लिए उस समय उसकी बहुत कम ने सराहना की। इसने सूती कपड़ों को न केवल अमीरों के लिए सस्ता किया बल्कि पूरी दुनिया के लोगों को यह सहज उपलब्ध कराया। निश्चित रूप से मोहनदास गांधी जैसे राजनीतिक उद्यमियों ने कताई और बुनाई के काम आने वाले उपकरणों का इस्तेमाल भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को गति देने तथा अंग्रेजों को भारत से बाहर निकालने के लिए किया।

उसके बाद आई रासायनिक उद्योग की क्रांति की वजह से कृत्रिम नील जैसी चीजें बनाना संभव हुआ और कपड़ों को आकर्षक रंगों में रंगने की सुविधा मिली और फिर रसायनों के ज्ञान की बदौलत कृत्रिम रासायनिक धागे मसलन नायलॉन और पॉलिएस्टर का निर्माण संभव हो सका जिससे सस्ता कपड़ा बनना आरंभ हुआ। परंतु इन सबकी कीमत चुकानी पड़ी।इसका एक उदाहरण यह भी है कि 1950 के दशक में मुंबई को मध्य भारत का औद्योगिक केंद्र बनाने वाली 80 से अधिक कपड़ा मिलें 1980 के दशक तक बंद होने के कगार पर आ गईं क्योंकि वे अपने यहां निर्मित सूती कपड़े को बेच नहीं पा रही थीं। इसकी वजह से उनके लिए अपने 1.50 लाख कर्मचारियों को वेतन देना भी मुश्किल हो गया। इन कर्मचारियों ने हड़ताल की और अंततः ये मिलें बंद हो गईं।

सभी विश्लेषक मिलों की बंदी के लिए श्रमिक संगठनों को जिम्मेदार ठहराते हैं और आज भी वे इसकी मूल वजह की अनदेखी करते हैं जो थीः रासायनिक क्रांति जिसने कृत्रिम पॉलिएस्टर और नायलॉन को साड़ी, धोती, कमीज, पैंट, चादर आदि के लिए सस्ता और लोकप्रिय विकल्प बना दिया। इसके साथ ही सूती का चलन बंद सा हो गया।ऐसी अन्य तकनीकी लहर भी आई हैं और उनके साथ ऐसे ही लाभ-हानि जुड़े रहे हैं लेकिन फिलहाल उनकी बात रहने देते हैं और देखते हैं कि एआई क्रांति के दौर में हमारा सामना किन चीजों से हो सकता है। यह देखना होगा कि एआई किन उत्पादों या सेवाओं को किफायती बनाएगी और किन नौकरियों को बेमानी बना देगी?

क्या यह संभव है कि सेवाओं का जो पहला समूह सस्ता होगा वह चिकित्सक, अधिवक्ता, बैंकर, लेखक, फिल्मकार और स्कूल-कॉलेज शिक्षकों का समूह हो? क्या ये सेवाएं चैटबॉट के हवाले हो जाएंगी और अगले कुछ वर्षों में इनकी कीमत मौजूदा कीमत से काफी कम हो जाएगी? क्या इसका अर्थ यह होगा कि भारतीय नागरिकों के लिए ऐसी सेवाएं किफायती हो जाएंगी? यदि ऐसा होता है तो क्या इस बात की भी संभावना है कि इन पेशों की आय और आंकड़ों में नाटकीय कमी आएगी जैसा कि बुनाई-कताई करने वालों के साथ हुआ? क्या ये पेशे भारतीय मध्य वर्ग की रीढ़ नहीं हैं और क्या हम उन्हें एआई की क्रांति के खतरे का शिकार होने दे सकते हैं?सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि क्या इस उथलपुथल का भी तगड़ा प्रतिरोध होगा और पिछली तकनीकी क्रांतियों की तरह इसे लेकर भी बगावत होगी? या फिर समझदारी भरी नीतियां हमें यह सुविधा देंगी कि हम एआई की उत्पादकता से लाभ अर्जित कर सकें और शांतिपूर्ण बदलाव की दिशा में आगे बढ़ें।

# प्रदूषण काल में बढ़े कैंसर को रोकने की चुनौती?

डॉ. रमेश ठाकुर

आमजन में अक्सर ऐसी धारणाएं रही हैं कि कैंसर मुख्यतः तंबाकू, खैनी-गुटखा या शराब के सेवन से ही होता है। पर, कैंसर अब इन वजहों तक ही सीमित नहीं रहा? इस खतनाक बीमारी ने बड़ा विस्तार ले लिया है। कैंसर अब प्रदूषण के चलते भी विशाल मात्रा में होने लगा है। वायु प्रदूषण से सिर्फ अस्थमा, हृदय संबंधी डिजीज, स्किन एलर्जी या आंखों की बीमारियां ही नहीं होती, बल्कि जानलेवा कैंसर भी होले लगा है। इसलिए यहां जरूरी हो जाता है कि वायु प्रदूषण से फैलने वाले कैंसर के प्रति ज्यादा से ज्यादा देशवासियों को जागरूकता किया जाए और प्रत्येक हंथकंड़ों को अपनाकर घरों-घरों तक जागरूकता फैलानी चाहिए। इस काम में सरकारों के साथ-साथ आमजन को भी भागीदारी निभानी होगी। धुंध, प्रदूषित काले बादल व प्रदूषण की मोटी चादर इस वक्त कई शहरों पर चढ़ी हुई है जिसमें दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र सबसे अव्वल स्थान पर है जहां का एक्यूआई लेबर गंभीर स्थिति को भी छलांग लगा चुका है। दिल्ली के अलावा देश के बाकी महानगरों का भी हाल ज्यादा अच्छा नहीं है, वहां भी लोगों को सांस लेना दूभर हो रहा है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।



बहरहाल, कैंसर अब नए-नए रूप में उभर रहा है जिसमें दूषित वायु प्रदूषण अहम भूमिका में है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो विषाक्त और दमघोंटू प्रदूषण कई तरीके से कैंसर को जन्म दे रहा है। रिपोर्टस् बताती हैं कि प्रदूषण जब शरीर में घुसता है, तो वो सबसे पहले अंदरूनी कोशिकाओं यानी डीएनए पर प्रहार करके उन्हें डैमेज करता है जो आगे चलकर कैंसर का प्रमुख कारण बनता है। इसके अलावा प्रदूषण से शरीर में इंफ्लेमेशन भी बढ़ता है और इम्यून सिस्टम को बिगाड़ता है। प्रदूषण को लेकर जो स्थिति इस वक्त समूचे हिंदुस्तान में बनी है। ऐसे में हल्के-फुल्के मरीजों के लिए ये वक्त बहुत ही खतरनाक है। ऐसे मरीजों का वायु प्रदूषण के संपर्क में आने का मतलब है कैंसर, स्ट्रोक, श्वसन, हृदय संबंधी रोग और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं को दावत देना? डब्ल्यूएचओ की पिछले साल की एक रिपोर्ट इसी माह नवंबर में आई थी जिसमें बताया गया था कि वायु प्रदूषण से पूरे संसार में प्रतिवर्ष लगभग सात मिलियन मौतें होती हैं जिसमें भारत को दूसरे स्थान पर रखा था। स्थिति इस वर्ष भी भंयकर है।

हिंदुस्तान में पिछले तीन वर्षों में कैंसर से अपनी जान गंवाने वालों की संख्याओं पर नजर डालें तो, सन 2020 में 7,70,230 मौतें थी। जो 2021 में बढ़कर 7,89,202 हुई। वहीं, 2022 में यानी पिछले साल भारत में कैंसर से मरने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ, संख्या बढ़कर 8,08,558 पर पहुंच गई। इस साल का आंकड़ा दो महीने बाद आएगा, निश्चित रूप से वो भी डरावना ही होगा। कैंसर को लेकर जागरूकता की कोई कमी नहीं है। केंद्र सरकार से लेकर सभी राज्य सरकारें भी जागरूकता फैलाने में अग्रणी भूमिका निभाती हैं। लेकिन कैंसर है कि रुकने का नाम ही नहीं ले रहा। चिकित्सकों की माने तो कार्सिनोजेन यानी कैंसरजनक जो कैंसर फैलाने वाला पदार्थ है जो तंबाकू, धुआं, पर्यावरण, वायरस किसी से भी हो सकता है। मौजूदा कैंसर ज्यादातर दूषित वातावरण से ही होने लगा है। बढ़ते कैंसर को लेकर जितना आमजन परेशान हैं, उतनी ही हुकूमतें भी दुखी हैं।

चलिए बताते हैं कि भारत में 'नेशनल कैंसर जागरूकता' का आरंभ कब हुआ। सितंबर 2014 में, राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस की शुरुआत पहली बार भारत में तबके केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन द्वारा हुई। तब उन्होंने एक समिति का गठन किया और निर्णय लिया कि विभिन्न किस्म के होने वाले कैंसरों की गंभीरता, उनके लक्षणों और उपचार के बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी और प्रत्येक वर्ष नवंबर की 7 तारीख को 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' मनाया जाया करेगा। तभी से इस खास दिवस की शुरुआत हुई। वैसे इस दिवस की प्रासंगिगता अब और बढ़ गई है। क्योंकि प्रदूषण कैंसर का कारण बन रहा है, इसका भी प्रचार करना बहुत जरूरी हो जाता है। वायु प्रदूषण से उत्पन्न कैंसर के पहला बचाव तो यही है, कि धुंध-धुआं वाले स्थानों पर अपने मुंह पर मास्क लगाकर रखें और वहां से हटने के बाद अपने हाथों और मुंह को साबुन से धोएं?

भारत में कैंसर रोगियों के आंकड़ों में बीते कुछ बर्षों में तेजी से उछाल आया है। जबकि, एक वक्त ऐसा भी था। जब, मात्र कुछ ही लाख कैंसर रोगी पूरे देश में होते हैं। अब ये आंकड़ा कोई एकाध लाख तक नहीं, बल्कि कई लाखों में जा पहुंचा है। नए कैंसरों के मामले तो बेहताशा ही बढ़े हैं। महानगरीय क्षेत्रों में कैंसर रोगियां की संख्या देखकर रांगटे खड़े होते हैं। जबकि, ग्रामीण क्षेत्रों के हालात अब थोड़े बहुत संतोषजनक हैं। तंबाकू-सिगरेट का बढ़ता उपयोग भी एक कारण है और हमेशा से रहा भी है। दुख इस बात का है कि महिलाएं भी अब पुरुषों के मुकाबले स्मोकिंग करने में पीछे नहीं रहती। खूब सुट्टा मारती हैं। यही कारण है कि सन 1995 और 2025 के बीच, तंबाकू और स्मोकिंग से संबंधित कैंसर की रुग्णता में वृद्धि हुई है।

इन आंकड़ों को देखकर हमें निश्चित से सार्वजनिक स्वास्थ्य के मामलों पर गंभीर होना पड़ेगा? 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' रोगों के जोखिमों उनके कारकों, जीवन गुणवत्ताओं को प्रभावित करने वाले सामान्य कैंसर और उनके लक्षणों के प्रति हमें चेताता है। उनका हमें अनुसरण करना होगा। स्वास्थ्य के प्रति हमें कतई लापरवाह नहीं होना चाहिए, चिकित्सकों की गाइडलाइन्स को फॉलो करना होगा और समय-समय पर लगने वाले सरकारी हेल्थ कैंपों में पहुंचकर अपने संपूर्ण शरीर का चिकित्सीय परीक्षण भी करवाना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# मोदी के आगमन के दिन भाजपा को लगा दमोह विधानसभा में बड़ा झटका



दमोह एक ओर जहां देश के प्रधानमंत्री भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने दमोह आए वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के मजबूत क्षेत्र अभाना मंडल के भाजपा मंडल अध्यक्ष डालचंद कुशवाहा ने लगभग 400 साथियों के साथ कांग्रेस की सदस्य ग्रहण की ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से रोशनी बंसल, रीता बंसल, पुरुषोत्तम पटेल, दिलीप पटेल,, संदीप पटेल, छोटू पटेल, शुभम राय, सोहेला ,मुकेश अग्रवाल, मोती प्रजापति ,सुशील शर्मा ,मोहन मुकदम ,इत्यादि ने कांग्रेस की संस्था ग्रहण की,डालचंद कुशवाहा कुशवाहा समाज के साथ-साथ ओबीसी वर्ग का एक युवा चेहरे के रूप में जाने जाते हैं जिनकी क्षेत्र में अच्छी पकड़ है उन्होंने कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस प्रत्याशी अजय टंडन एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और भाजपा पर कार्यकर्ताओं की ऊपेक्षा का आरोप लगाया।

# केंद्रीय मंत्री ईरानी ने भाजपा प्रत्याशी शर्मा के समर्थन में किया जनसभा को संबोधित

## भाई को टीका लगाने आती है बहनाः स्मृति ईरानी

नर्मदपुरम// केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने विधायक सीताशरन शर्मा भाजपा विधायक के लिए वोटिंग कर जीत हासिल कराने का संकल्पित किया। मंत्री ईरानी ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए होशंगाबाद - इटारसी विधान सभा के जनमानस में राष्ट्रवाद की चेतना का प्रवाह करते हुए भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाने के लिए संकल्पित किया।

उन्होंने कहा मैं तो केवल भाई को विजयी तिलक लगाने आयी हूं जहां जीत पक्की हो, वहां बहन केवल जीत का टीका लगाने आती है, मैं यहां चुनाव प्रचार करने के लिए नहीं आई हूं, मैं तो अपने भाई को विजय तिलक करने आई हूं, उक्त उद्गार केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अमेठी की सासद स्मृति ईरानी ने भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर सीताशरन शर्मा के समर्थन में आयोजित आमसभा में व्यक्त किया। मंत्री स्मृति ने आमसभा में बैठी महिलाओं से पूछा कि आपके खाते में लाडली बहना योजना का कितना पैसा आया है, महिलाओं ने जवाब दिया 1250 रुपए। उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह चौहान ने इस योजना में 3 हजार रुपए तक देने का वादा किया है, आप लोग सरकार बनायें, वे अपना वादा भी पूरा करेंगे।

उन्होंने कहा कि यह देश के इतिहास में पहली बार हुआ है कि कोई सरकार किसानों के खातों में पैसा डाल रही है। इससे पहले किसानों को कर्ज माफी कराने कांग्रेस के सामने हाथ जोड़ना पड़ता था। मोदी जी ने देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने की योजना शुरु कि है और इसे पांच वर्ष के लिए और आगे बढ़ा दिया है। अब कांग्रेस कहती है कि मुफ्त राशन योजना बंद नहीं की तो हम मोदी के खिलाफ केस करेंगे। मैं कहना चाहती हूं, अरे मोदी शेर है, तुमसे जो बन पड़े कर लो। गरीब को राशन देना बंद नहीं करेंगे।



स्मृति ईरानी ने कहा कि कांग्रेस तो योजनाएं बंद करती है। मध्यप्रदेश में केवल 15 माह कांग्रेस की सरकार रही और शिवराज सिंह सरकार के समय लागू की गई जनहितैषी कई योजनाओं को बंद कर दिया था। सबसे बड़ी योजना संबल को ही बंद करके गरीबों के साथ अन्याय किया। कन्यादान योजना में काम नहीं किया और किसी गरीब बच्ची का विवाह तक नहीं कराया। यह लोग केवल योजनाएं बंद करने का काम करते हैं, केवल भाजपा ही है जो गरीब कल्याण की योजनाएं चलाती है। भाजपा ने लाड़ली लक्ष्मी योजना से प्रदेश की 40 लाख बेटियों को लखपति बनाया है।

केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि राहुल गांधी कभी वचन नहीं निभाते हैं। प्रदेश में भी दस दिन में किसान का कर्ज माफ नहीं करने पर मुख्यमंत्री बदलने का कह गये थे, पंद्रह माह में भी कर्ज माफी नहीं की। केन्द्र ने मप्र के पंद्रह माह के कार्यकाल में प्रधानमंत्री आवास का पैसा भेजा था जो कमलनाथ सरकार ने रोक लिया था और गरीबों को पैसा नहीं मिला तो उनके आवास अधूरे रह गये। फिर भाजपा आयी तो पैसा रिलीज किया और आवास बनने प्रारंभ हुए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आयी तो आप लोगों को सरकार योजनाओं का लाभ मिलना बंद हो जाएगा।

भाजपा प्रत्याशी डॉ.सीतासरन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी ने अमेठी से न सिर्फ राहुल गांधी को हराया बल्कि उनको उत्तरप्रदेश छोडने् को मजबूर कर दिया। अब हमें कांग्रेस को भारत छुड़वाना है। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि वर्षों से आपने मुझ पर भरोसा किया, पार्टी ने फिर भरोसा करके टिकट दिया। आप इस भरोसे को कायम रखेंगे, ऐसा विश्वास है। जब से प्रदेश में भाजपा आयी तभी से विकास प्रारंभ हुआ। मैं दिग्विजय सिंह के शासनकाल में भी विधायक रहा हूं। तब न सड़कें थीं और ना बिजली। शाम को 7 बजे बाजार बंद करने को व्यापारी मजबूर हो जाते थे। खुद पीडब्ल्यूडी के अधिकारी ट्रेन से सफर करते थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में सीएम राइज स्कूल, अस्पताल भवन, कालेज भवन सहित केन्द्र और भाजपा की योजनाएं गिनायीं। उन्होंने मंच से कहा कि अब की बार आपके आशीर्वाद से जो थोड़े बचे गुंडे हैं, उनका भी सफाया कर दिया जाएगा। आमसभा में महिला मोर्चे की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया चुनाव प्रभारी राजो मालवीय, भाजपा के वरिष्ठ नेता पीयूष शर्मा ,इटारसी नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे, होशंगाबाद नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव सहित ,भाजपा के पार्षद कार्यकर्ता मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन जय किशोर चौधरी द्वारा किया एवं आभार प्रदर्शन नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे द्वारा कर महा आमसभा का समापन किया गया।

# भाजपा प्रत्याशी के निज सहायक ने पूर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष के साथ की गाली गलौज

औबेदुल्लागंज। गुरुवार रात्रि लागभग साढ़े आठ 08 बजे नगर परिषद के सामने अंबेडकर चौराहे पर दो पक्षो में कहां सनी हो गई। बात छोटी नही थी क्योकिं देर रात तक औबेदुल्लागंज थाने में ऊक्त घटना की बात को लेकर अच्छी-खासी भीड़ एकत्रित हो गई। बात भाजपा विधायक व भाजपा कार्यकर्ता के बीच की थी। सुरेंद्र पटवा स्कोर्पियो में अपने साथियों के साथ नगर परिषद के सामने महाकाल डेरी के सामने खड़े बाला सैनी को अपनी स्कोर्पियो को वापस लाकर देखने या कोई अन्य कारण से बात करने आये। बात इतनी बड़ी की पटवा के निज सचिव संजय मीना, कैमरामैन अतुल वर्मा आदि लोगो द्वारा खींचतान कर मारना, गालियां व घमकी आदि दी गई। पटवा द्वारा को स्पस्टीकरण नही आया है। बता दें कि उलट बात को लेकर राम मंदिर स्थित हिन्दू सकल समाज द्वारा बैठक रखी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा आवेदन ले लिया गया है। दोनों ओर से एफआइआर की कोई जानकारी नही है।

# आपका बेटा आपके द्वार, राष्ट्रवादी प्रत्याशी राजीव यादव ने लिया मतदाताओं का आशीर्वाद



धार। धार विधानसभा से राष्?ट्रवादी प्रत्?याशी राजीव यादव का चुनावी जनसंपर्क जोरों-शोरों से जारी है। गुरुवार को उन्?होंने पीथमपुर के विभिन्?न क्षेत्रों व कॉलोनियों में जाकर जनसमर्थन मांगा। साथ ही चुनाव चिह्न माचिस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। पीथमपुर के बरदरी, अकोलिया, डाकबंगला, प्रीति नगर, वैष्?णव कॉलोनी, वृंदावन कॉलोनी, देवक्षी, तारपुरा, गवला, सिलोटिया, पटेल मोहल्?ला, वांडी खाली, लोधी मोहल्?ला, मीणा मोहल्?ला, चौकसे मोहल्?ला, संजय जलाशय रोड सहित विभिन्?न क्षेत्रों में दौरा कर मतदाताओं का आशीर्वाद प्राप्?त किया। जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्?या में कार्यकर्ताओं व लोग स्?वतंत्र प्रत्?याशी राजीव यादव के साथ नजर आए। जनसंपर्क के दौरान विभिन्?न स्?थानों पर मतदाताओं ने पुष्?पवर्षा कर उनका स्?वागत किया। जनसंपर्क के दौरान स्?वतंत्र प्रत्?याशी यादव ने एशि?या के सबसे बड़े इंडस्?ट्री एरिया की बढ़ती आवश्?यकताओं और लोगों की जरूरत पर बात की। साथ ही उन समस्?याओं के निराकरण का आश्?वासन दिया। जनसंपर्क के दौरान पूर्व नगर पालिका अध्?यक्ष देवेंद्र पटेल, अशोक पटेल, विजय रघुवंशी, राजकुमार रघुवंशी, विजय रघुवंशी, अमृत दरबार, हेमंत पटेल, अर्जुन पंवार सहित कई पार्षद और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कांग्रेस प्रत्याषी के समर्थन में किया जनसम्पर्क

# पूर्व जिप अध्यक्ष को मिला लोगों का आशीर्वाद,केले से तौल कर किया स्वागत

धार। कांग्रेस प्रत्याषी श्रीमती प्रभा बालमुकुंदसिंह गौतम के समर्थन में पूर्व जिप अध्यक्ष श्री मनोजसिंह गौतम ने तिरला विकासखण्ड के ग्राम छटिया, अकोदा, बालोदा, धामंदा लोहारी, खरसोडा, उटावदा,ओसरा आदि मे तुफानी जनसंर्पक किया इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर मतदाताओं से कांग्रेस प्रत्याषी को भारी बहुमत से जीताने की अपील कर वचनपत्र मे दिए सभी वचनों को पूर्ण करने कि बात कही। उनके साथ जनसम्पर्क में तिरला ब्लाक अध्यक्ष कृष्णा पटेल, गणपतसिंह तम्बोलिया, गोकुल पटेल, करणडाबर,मुन्नलाल दाहोदिया,नारायण दाहोदिया, सुभाषजी उपसरपंच,राजेष कामदार,बंटी कामदार,अंतरसिंह खण्डेलवाल, विमल,संतोष पटेल, पंकज लोधा, भेरूसिंह पटेल,दिनेष कामदार,मनीष कादार, छगन डाबी,सिताराम सौलंकी, लखन पटेल, देवीसिंह पटेल, ष्यामजी, अजीत पाल,योगेष,दिनेष मोदी,दिनेष दर्पण, चंदन्नसिंह, मुंषीखॉ, अर्जुन रघुवंषी,सोनु ठाकुर व सैंकडों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजुद थे।वही कांग्रेस प्रत्याषी श्रीमती प्रभा बालमुकुंदसिंह गौतम व पूर्व विधायक श्री बालमुकुंद गौतम ने नौगांव क्षेत्र में सघन जनसम्पर्क कर कांग्रेस को भारी मतो से विजयी बनाने की अपील कि। जनसम्पर्क के दौरान उनके साथ विधानसभा संचालक अनिल तिवारी जी अरूण वर्मा, राकेष डोड, श्रीजीत तोमर, मुकेष राठौर,रोषन जैन,लक्ष्मीनारायण,जयराम हरोड,संतोष ठाकुर,करण चौहान,हरी हरोरे,अजय जैन,अजय राठौर,दिनेष शरण,जग्गा शरण,सुरेष परमार, त्रिलोक, रणजीतठाकुर, अर्जुनसिंह ठाकुर,मनोज चौहान,रोहित कामदार, अमीत सोनी,श्रीमती मनोरमा चौधरी,नीरा ठाकुर, राधा राठौर,कोमल वास्केल,सोमवती कुषवाल,मनीष चौधरी, अमन चौहान सहित सैंकडों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजुद थे।



# भाजपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क, जमकर हुआ जगह-जगह स्वागत

बैरसिया। गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने बिशनखेड़ी, चांदपुर, परेवखेड़ा, अरवलिया, परवलिया, अचरपुरा, हज्जमपुरा, ईंटखेड़ी, मस्तीपुरा, भैरोपुरा, गोलखेड़ी, बीनपुर, बरखेड़ी हज्जाम, हिनोतिया, खजूरी, रातताल, देवपुरा, शाहपुर, कुठार, चंदेरी, सूखा निपानिया, करदई, गुराड़िया, मनीखेड़ी, खेजडा देव एवं डोबरा में जनसम्पर्क किया।

जनसंपर्क के दौरान उक्त क्षेत्र की जनता से भाजपा प्रत्याशी ने विकास की रफ्तार को निरंतर रखने के लिए आमजन से आशीर्वाद मंगा। भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने कहा कि इस क्षेत्र को आधुनिकता से जोड़ने के लिए आशीर्वाद दे। हमने इस क्षेत्र में मांग अनुसार विकास किया है। अचारपूरा के उद्योगिक क्षेत्र में रोजगार मिलने शुरू हो गया है। यह अभी और हज़ारों की संख्या में रोजगार देने का लक्ष्य है। भविष्य के लिए भी हमने कार्य योजना बनाई है। जिसमें पूरे क्षेत्र के विकास की योजना बनाई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के सरकार द्वारा किये गए विकास कार्य और मेरे प्रयास सामने दिख रहे है। ईंटखेड़ी के पास जगदीशपुर को देख लीजिए। यहाँ पर एक अफगानी ने राजपूत राजाओं को मैत्री भोज पर बुला कर धोखे से उनकी हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं इसके बाद जगदीशपुर का नाम बदलकर इस्लामनगर रख दिया था। हमारे प्रयासों में हम सफल हुए हमने सरकार से मांग की और आज वर्षों बाद जगदीशपुर को अपनी खोई हुई पहचान मिल गई है। उन्होंने कहा ऐसे अनेक काम हुए है, जो सिर्फ भाजपा सरकार में संभव हो पाए है। राम मंदिर में 500 साल बाद रामलला विराजने वाले है। कश्मीर से धारा 370 हटाने का काम भी हमारी सरकार कर पाई है। महिला सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आज भारत मे जन्म लेने वाली कन्या को जन्म से विवाह और विवाह से जीवन पर्यंत सहायता करना सिर्फ भाजपा सरकार ही कर पाई है।



# लोधी समाज भी आया कक्का जू के समर्थन में



भोपाल । शिवपुरी विधान सभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार का जोश प्रत्याशियों में दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है वहीं मतदाताओं का भी रुझान साफ होता जा रहा है। गुरुवार शाम को कांग्रेस प्रत्याशी के पी सिंह कक्काजू ने खोड ब्लॉक के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र लोधी( विजयपुर )के पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे ।जहां पर लोधी समाज के द्वारा स्वागत किया और भरपूर समर्थन करने का आश्वासन दिया। बता दें कि कज्काजू पिछोर से 6 बार के विधायक हैं और वहां पर लोधी समाज बहुसंख्यक है। जिसका इन्हें हमेशा सहयोग मिलता रहा है इस तरह से शिवपुरी विधान सभा क्षेत्र में लोधी समाज के मतदाता भी पूरी तरह से कक्काजू के सर्थन में बढ़चढ़ कर अपना योगदान देने को तैयार हैं।

# त्यौहारों के दृष्टिगत खजुराहो में मिठाइयों के लिये गए नमूने

छतरपुर, ।कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देश पर जिले में त्यौहारों के मद्देनजर गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मिठाई बनाने वाले प्रतिष्ठानों का लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। खाद्य सामग्रियों का निरीक्षण कर नमूने लेकर जांच हेतु भेजे जा रहे हैं। कलेक्टर के निर्देशन में गुरूवार को खजुराहो में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाष चौबे द्वारा पंकज मिष्ठान भण्डार, त्रिपाठी किराना स्टोर, मेगा मोर स्टोर्स, कृष्णा हाटल एण्ड रेस्टोरेंट, बाला जी स्वीट्स का निरीक्षण कर वहां से, मावा, मावा पेड़ा, रसगुल्ला, सोन पापड़ी, बेसन लड्डू के नमूने जांच हेतु लिये गये।

# प्रधानमंत्री ने छतरपुर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में सभा को किया संबोधित

## रिवर्स गियर की एक्सपर्ट है कांग्रेस, विकास की गाड़ी को पीछे ले जाएगी

छतरपुर/नीमच। आप लोग मुझे बताइए आप में से कितने लोगों को गाड़ी चलानी आती है? कार या जीप चलाना आती है? उसमें एक रिवर्स गियर होता है, जो गाड़ी पीछे ले जाता है? रिवर्स गियर की बात मैं क्यों कर रहा हूं? क्योंकि जिस तरह रिवर्स गियर चलने वाली गाड़ी को पीछे ले जाता है, वैसे ही यह कांग्रेस वाले रिवर्स गियर के एक्सपर्ट हैं। वह मध्यप्रदेश की विकास की गाड़ी पीछे ले जाएंगे। कांग्रेस सुशासन को कुशासन में बदलने में एक्सपर्ट है, उनकी हर योजना, हर पॉलिसी देश को पीछे ले जाने वाली होती है। कांग्रेस हर उस काम का विरोध करती है, जिससे देश आगे बढ़ रहा हो। इसलिए रिवर्स गियर लगाने वाली कांग्रेस से एमपी के लोगों को बहुत सावधान रहने की जरूरत है। यह बात प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने गुरुवार को छतरपुर और नीमच में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए कही। छतरपुर में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने भी सभा को संबोधित किया।

श्री मोदी जी ने कहा कि आज मैं आप सभी से आशीर्वाद मांगने के साथ-साथ आप का आभार व्यक्त करने भी आया हूं। आपने देखा देश में जी-20 का कितना बड़ा सम्मेलन हुआ। उसकी एक बहुत बड़ी बैठक खजुराहो में भी हुई थी। दुनिया के कई दिग्गजों ने उस बैठक में भाग लिया। लेकिन आप सभी के सहयोग के बिना इतने बड़े आयोजन का सफल होना संभव नहीं था। आज जब दुनिया में मुझे आपका गुणगान सुनने को मिलता है, तो मेरा सीना गर्व से भर जाता है।



श्री मोदी ने कहा कि हम वो लोग हैं जो भारत की माटी का चंदन माथे पर लगा कर गर्व से भर जाते हैं। लेकिन कांग्रेस न तो इस मिट्टी की ताकत समझी और न ही देश की आन-बान-शान को बढ़ाने का काम किया।

श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के लिए पूरा देश दिल्ली से शुरू होता था और दिल्ली में खत्म हो जाता था। दिल्ली के एक कमरे से ही योजनाएं घोषित हो जाती थी। जब कोई विदेशी नेता आते थे, तो दिल्ली में ही बड़े कार्यक्रम होते थे। अगर ये विदेशी दोस्त कभी दिल्ली से बाहर जाते थे, तो कांग्रेस के लोग उन्हें देश की गरीबी दिखाने ले जाते थे। सोने का चम्मच लेकर पैदा हुए कांग्रेस के नेताओं के लिए गरीब एक टूरिज्म का माध्यम बन गया था। गरीब का उपहास हो, उसकी मजाक उड़ाना ही कांग्रेसियों का कारनामा हो गया था। श्री मोदी ने कहा कि जिन झुग्गियों में कांग्रेस के नेता फोटो खींच कर वापस लौट आते थे, आज मोदी उन झुग्गियों में रहने वाले गरीब भाई बहनों को पक्के घर दे रहा है। जिन कुपोषित बच्चों के साथ यह कांग्रेसी लोग फोटो खिंचवाते थे, आज उन बच्चों के पोषण की चिंता गरीब मां का यह बेटा नरेंद्र मोदी कर रहा है। जिन गरीबों के साथ बैठकर यह खाना खाते थे और वीडियो बनाते थे, फोटो सेशन करते थे और फिर दिल्ली जाकर भूल जाते थे, आज उन्हीं गरीबों को मोदी मुफ्त राशन दे रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि कोरोना का वह भयंकर काल कोई भूल नहीं सकता। दो सालों तक मौत मंडरा रही थी। सारी दुनिया परेशान थी। गरीब मां का ये बेटा इसके लिए सोचता रहा, काम करता रहा कि देश के हर गरीब का चूल्हा जलता रहे। आज मुझे संतोष है कि उस कठिन समय में भी गरीबों के घर का चूल्हा मैंने बुझने नहीं दिया। गरीब के बच्चों को रात को भूखा सोना नहीं पड़ा। मुझे इस बात का संतोष है कि भूख से परेशान बच्चे को देखकर किसी मां को रोना नहीं पड़ा। जब ऐसी सेवा करते हैं तो पुण्य मिलता है।

# घर घर जा कर लिया जनता का आशीर्वाद

बैरसिया।। बैरसिया विधानसभा की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती जयश्री हरिकरण ने गुरुवार को नगर बैरसिया छत्री मंदिर एवं जगदीश मंदिर में पूजा अर्चना कर जनसंपर्क शुरू किया। टीलापुरा गांधी चौक महँगीपुरा इस्लामपुरा लोहार पूरा तिलक चौक तलैया चौक सिलावट पूरा ब्लाक कॉलोनी झुग्गी बस्ती मैला ग्राउंड टिकनखेड़ी रोड़ बस स्टैंड चौराह एवं चौपड़ बाजार साँवलिया मंदिर तक जनसंपर्क कर मतदाताओं से आशीर्वाद लेकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

इस दौरान मतदाताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती जयश्री हरिकरण को फूल मालाए पहनाकर स्वागत किया और विजय होने का आशिववाद दिया।

कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती जयश्री हरिकरण ने चौपड़ बाजार चौराहा पर नुक्कड़ सभा में बोलते हुए कहा कि बैरसिया विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने बैरसिया को भृष्टाचार का अड्डा बना रखा है किसी भी विभाग में बगैर लेनदेन कोई काम नही होता।में आपको विश्वास दिलाती हूं कि बैरसिया को भृष्टाचार से मुक्त कर दूँगी मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार बन रही है।

कमलनाथ ने 101 गारंटी दी है।जिसमे किसानों का गैहू 2600 रुपये कुंटल धान 2500 रुपये प्रति कुंटल खरीदी जाएगी।विटिया रानी योजना में बेटी के जन्म से विवाह तक 2 लाख 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।बृद्धा विधवा विंकलंग माताओं वाहनों को प्रति माह 1200 सो रुपये दिए जाएंगे।। 100 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। किसानों का फसल कर्जा माफ होगा। नारी सम्मान योजना को जारी रखा जाएगा।ओर सस्ता रसोई गैस सिलेंडर दिया जाएगा।सभी मंदिरों के पुजारियों को सम्मान निधि दी जाएगी एवं पुजारियों का बीमा भी कराया जाएगा।श्रीराम वन गमन पथ एवं सीता माता मंदिर योजना पुनः प्रारम्भ की जाएगी।युवाओं के लिए युवा स्वाभिमान योजना मे आर्थिक सहायता दी जाएगी।आगनबाड़ी कार्यकर्ताओ सहायिकाओं आशा ऊषा कार्यकर्ताओ के मान देय में बृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि कमलनाथ ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाए बनाई है।

# बसपा के तीन सैकड़ा कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन



राजनगर। विधानसभा चुनाव के मतदान से ठीक पहले राजनगर विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी को बड़ा झटका लगा है और बसपा की पकड़ चुनाव से हट गई है। दरअसल गुरूवार को राजनगर विधानसभा के बसपा नेता देवीदीन सूर्यवंशी ने करीब तीन सैकड़ा बसपा कार्यकर्ताओं के साथ बहुजन समाज पार्टी से अपना नाता तोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। राजनगर विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अरविंद पटैरिया ने इन सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा का गमछा पहनाकर सदस्यता दिलाई और शीर्ष नेतृत्व की ओर से सभी कार्यकर्ताओं का पार्टी में अभिनंदन किया। भाजपा का दामन थामने वाले सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि अब से वे भारतीय जनता पार्टी का झंडा लेकर अरविंद पटैरिया की जीत सुनिश्चित करने के लिए विधानसभा में क्षेत्र में मेहनत करेंगे और भाजपा द्वारा चलाई तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश घर-घर तक पहुंचाएंगे। बसपा छोड़कर भाजपा में आए कार्यकर्ताओं ने कहा कि चूंकि भाजपा कार्यकता आधारित पार्टी है और यहां प्रत्येक कार्यकर्ता को उचित सम्मान दिया जाता है इसीलिए आज पूरे भारतवर्ष में भाजपा का परचम बुलंद है और आने वाले दिनों में राजनगर विधानसभा में भी भाजपा का परचम लहराएगा।

**अनुलग्नक 47**

प्रारुप C-1

आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा

( 2011 की रिट याचिका ( सिविल ) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार ( पब्लिक इटरेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ एवं एएनआर )

**अभ्यर्थी का नाम और पता:-** **सुनील गौर पिता श्री ब्रज किशोर गौर, वार्ड नं. 4 रेहटी तह. रेहटी जिला सीहोर**

**राजनीतिक दल का नाम:-** **आम आदमी पार्टी**

**(स्वतंत्र अभ्यार्थी यहां निर्दलीय लिखे)**

**निर्वाचन का नाम:-** **मध्य प्रदेश विधानसभा**

**निर्वाचन क्षेत्र का नाम :-** **136 सिवनी मालवा**

मैं सुनील गौर ( अभ्यर्थी का नाम ), उपयुक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं।

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा ( ओं ) और अपराध ( अपराधों ) का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यायीक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सि. मा. | 1 | पेशी दिनांक 12.12.23 | 341, IPC, 34 IPC |
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश ( आदेशों ) की तिथि ( तिथियां ) | कार्यालय ( यों ) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नही |
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**सुनील गौर पिता श्री ब्रज किशोर गौर**

**हस्ताक्षरकर्ता**

## 200 करोड़ वाले उम्मीदवारों की कहानी

# रोजगार की तलाश में यूपी से इंदौर आए थे शुक्ला के पिता, पाठक को विरासत में मिली खदानें, काश्यप ने अपने दम पर खड़ा किया कारोबार



भोपाल। चेतन्य काश्यप, संजय पाठक और संजय शुक्ला। विधानसभा चुनाव में ये तीनों सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। इनके पास 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति है। रतलाम शहर से बीजेपी प्रत्याशी चेतन्य कश्यप दो फैक्ट्रियों के मालिक हैं। उन्होंने अपने दम पर इस कारोबार को खड़ा किया है। कटनी विजयराघवगढ़ से भाजपा प्रत्याशी संजय पाठक को विरासत में कारोबार मिला है। उनके पिता सत्येंद्र पाठक कांग्रेस सरकार में मंत्री थे। संजय पाठक का खदानों का कारोबार है। संजय पाठक 15 गाड़ियों और एक हेलिकॉप्टर के भी मालिक हैं। इंदौर-1 से कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला को भी विरासत में कारोबार मिला है। उनके पिता विष्णु प्रसाद शुक्ला ने इस कारोबार को खड़ा किया है। इनके अलावा चौथे नंबर पर नरसिंहपुर जिले की तेंदूखेड़ा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा का नाम है। इनके पास भी 200 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है।

चुनाव लड़ रहे छह प्रत्याशियों के पास 100 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है। इनमें बैतूल से कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा, रतलाम की आलोट सीट से निर्दलीय प्रत्याशी प्रेमचंद गुड्डू, इंदौर की देपालपुर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विशाल पटेल, शिवपुरी से कांग्रेस प्रत्याशी केपी सिंह, छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी कमलनाथ और धार सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रभा गौतम शामिल हैं।

### चेतन्य काश्यपः दो फैक्ट्रियों के फाउंडर मेंबर

चेतन्य काश्यप के दादा कन्हैया लाल काश्यप रतलाम के नगर सेठ थे। चेतन्य काश्यप ने 80 के दशक में कारोबार को आगे बढ़ाया। 1986 में काश्यप स्वीटनर्स प्रा. लि. कंपनी की स्थापना की। काश्यप स्वीटनर्स प्रा. लि. कंपनी की दो फैक्ट्रियां हैं। एक फैक्ट्री धार जिले के बदनावर और दूसरी गुजरात के वापी में है। काश्यप स्वीटर्नस सॉर्बिटॉल, लिक्विड ग्लूकोज, डेक्सटरोज, कॉर्न स्टार्च और कॉर्न सीरप जैसे प्रोडक्ट बनाती है।

31 मार्च 2022 तक कंपनी का सालाना टर्न ओवर लगभग 500 करोड़ रुपए था। इन दो फैक्ट्रियों के अलावा चेतन्य काश्यप के कई और कारोबार हैं, जिसमें प्रमुख रूप से काश्यप फाइनेंस प्रा. लि., काश्यप होटल्स प्रा. लि. और काश्यप पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हैं। चेतन्य काश्यप ने चुनाव आयोग के सामने पेश किए हलफनामे में 296 करोड़ से ज्यादा संपत्ति बताई है। उन्होंने इसे व्यवसाय, किराया, डिविडेंड और ब्याज से अर्जित बताया है।

### संजय पाठकः संपत्ति विरासत में मिली

अंग्रेजी में एक मुहावरा है 'बॉर्न विद अ सिल्वर स्पून'। संजय पाठक पर ये मुहावरा फिट बैठता है। उन्हें संपत्ति विरासत में मिली है। संजय पाठक के पिता सत्येंद्र पाठक कांग्रेस सरकार में मंत्री थे। इनके मप्र के नेशनल पार्क जैसे- कान्हा और पेंच के अलावा खजुराहो में सायना नाम से हेरिटेज होटल की चेन है। इसके साथ ही आयरन, बॉक्साइट, कोल



आदि की माइन्स के ठेके भी संजय पाठक ने ले रखे हैं। इनकी इंडोनेशिया में भी कोल माइन्स हैं। संजय पाठक ने चुनाव आयोग को दिए शपथ पत्र में कुल संपत्ति 242 करोड़ से ज्यादा बताई है।

पाठक एक हेलिकॉप्टर और 15 लग्जरी गाड़ियों के मालिक हैं। हालांकि, इस पुश्तैनी कारोबार से संजय पाठक खुद को अलग कर चुके हैं। ज्यादातर कारोबार में उनकी पत्नी निधि पाठक की हिस्सेदारी है। चुनाव आयोग को दिए हलफनामे के अनुसार निधि पाठक ने जीओ माइन इंडस्ट्री, जबलपुर, निर्मल छाया नेचर रिसॉर्ट, कोलकाता, सायना एग्रीकल्चर प्रा. लि. न्यासा, कटनी यश लॉजिस्टिक प्रा. लि. कटनी, जीयो माइन आयरन मेनुफेक्चरिंग प्रा. लि. कटनी में निवेश किया है। निधि पाठक के पास 106 करोड़ से ज्यादा की चल और अचल संपत्ति है।

### संजय शुक्लाः पिता का कारोबार आगे बढ़ाया



सबसे अमीर प्रत्याशियों में तीसरे नंबर पर संजय शुक्ला हैं। संजय शुक्ला को भी कारोबार विरासत में मिला है। यूपी का रहने वाला शुक्ला परिवार 60 के दशक में रोजगार के सिलसिले में इंदौर आया था। संजय के पिता विष्णु प्रसाद शुक्ला ने इंदौर की मिल में नौकरी भी की। इसके बाद उन्होंने रेल गोदाम के सामान को बैलगाड़ियों से ढोने का काम शुरू किया। समय बदला, बैलगाड़ियों की जगह गाड़ियां आ गईं। कारोबार को बढ़ाया और बसों का संचालन शुरू कर दिया। धीरे-धीरे ये कारोबार बढ़ता गया और एक बड़े ट्रांसपोर्ट बिजनेस में तब्दील हो गया है।

80 के दशक तक शुक्ला परिवार बड़े कारोबारी के रूप में अपनी पहचान बना चुका था। विष्णु प्रसाद के बेटे राजेंद्र और संजय शुक्ला ने कारोबार की कमान संभालने के साथ राजनीति के क्षेत्र में अपनी किस्मत आजमाई, लेकिन सफलता संजय शुक्ला को मिली। शुक्ला परिवार प्रॉपर्टी, वेयर हाउस, फाइनेंस, कृषि, ट्रांसपोर्टेशन, कार्गो, पब्लिक लि. कंपनीज के 10 से ज्यादा कारोबार से जुड़ा है। चुनाव आयोग को दिए शपथ पत्र में संजय शुक्ला ने 217 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति बताई है। शुक्ला के पास क्रेन, ट्रॉला जैसी 75 गाड़ियां हैं। 13 आवासीय भवन और 10 किलो से ज्यादा सोना है।

## संविदा कर्मचारियों को पिछले 5 महीने से वेतन नहीं मिला, नही मनायेंगे दीपावली, करेगें चुनाव का बहिष्कार

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत नियमित पदों पर काम करने वाले संविदा पैरा मेडिकल स्टाफ और डॉक्टर पिछले 5 महीने से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। बच्चो की फीस जमा करने के लिए कर्मचारियों के पास पैसे नहीं है। इस सम्बंध विभाग के अधिकारी कह रहे है कि वेतन हेड में पैसा नही है तो दूसरे मद से इसमें वेतन मद में पैसा ट्रांसफर करने के लिए वित्त विभाग में फाइल भेज रहें। वित्त विभाग बार-बार आपत्ति लगाकर फाइल वापस भेज रहा है जिसके कारण संवीदा 4500 पैरा मेडिकल स्टाफ और मेडीकल ऑफिसर डॉक्टरों को पिछ्ले जुलाई माह से वेतन नहीं मिला हैं जिससे नियमित पदों के विरुद्ध कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी बड़े आक्रोशित है। कल धनतेरस का त्यौहार है उसके बाद दीपावली है।

## तकनीकी खामियों के कारण वोट नहीं डाल पाए चुनाव ड्यूटी में लगे 25 फीसदी कर्मचारी

**भोपाल।** चुनाव ड्यूटी में लगे प्रदेश के कर्मचारी दूसरे जिले की विधानसभा क्षेत्र में ड्यूटी लगने के कारण वोट नहीं डाल पा रहे हैं। 6 नवंबर से 9 नवंबर तक चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों का मतदान कराने का चुनाव आयोग ने निर्णय लिया था लेकिन 3 दिन में चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को मतदान करने में तकनीकी खामियां होने के कारण काफी दिक्कतें हुई है। चुनाव ड्यूटी में लगे 25त्न कर्मचारी मतदान नहीं कर पाए हैं। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर मांग करी है कि चुनाव ड्यूटी में लगे समस्त कर्मचारी का मतदान सुनिश्चित करने की कार्रवाई की जाए। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि जिन कर्मचारियों का वोट मुख्यालय या दूसरी विधानसभा में है उनको छुट्टी देकर मतदान करने की व्यवस्था निर्वाचन आयोग को करना करे।

## एक्सएटी 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन 30 नवम्बर तक

**भोपाल , एजेंसी।** राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित एमबीए प्रवेश परीक्षा ज़ेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट ने घोषणा की है कि एक्सएटी2024 के लिए पंजीकरण की अंतिम दिनांक 30 नवम्बर 2023 है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम दिनांक नज़दीक आ रही है । ऐसे में मैनेजमेन्ट के उम्मीदवारों को जल्द से जल्द आगामी परीक्षा के लिए बेवसाइट पर अपना पंजीकरण पूरा कर लेना चाहिए। एक्सएटी 2024 परीक्षा रविवार 7 जनवरी 2024 को होगी।एक्सएटी2024 के कन्वेनर डॉ राहुल शुक्ला ने कहा कि एक्सएटीपारम्परिक परीक्षा के दायरे से आगे बढ़कर विशेष रूप से संरचित मूल्यांकन है।

## सीएनजी कारें 2030 तक भारतीय ऑटोमोटिव बाजार में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी प्राप्त करने के लिए तैयार

**मुंबई, एजेंसी।** ऑटोमोबाइल बनाने वाली भारत की अग्रणी कंपनी टाटा मोटर्स ने सीएनजी वाहनों को ज्यादा वांछनीय और व्यावहारिक बनाकर एक साहसिक कदम उठाया है। अपनी ट्विन-सिलेंडर टेक्नोलॉजी के साथ, टाटा मोटर्स ने सुनिश्चित किया है कि सीएनजी से पावर्ड वाहनों को हल्के में न लिया जाए। यह रणनीतिक कदम स्थायित्व के लिये टाटा मोटर्स की प्रतिबद्धता दिखाता है और साथ ही देश में सीएनजी वाहनों की तेजी से बढ़ रही लोकप्रियता पर इसकी समझ को जाहिर करता है। पिछले तीन से चार वर्षों में सीएनजी कारों को उल्लेखनीय आकर्षण मिला है, खासकर पर्सनल व्हीकल सेगमेंट में। इसके दो महत्वपूर्ण कारक हैं- तरह-तरह के मॉडल्स की पेशकश और विस्तार कर रहा बुनियादी ढांचा।

## मुकुटबन प्लांट के बेहतर प्रदर्शन से बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड का मुनाफा बढ़ा

**कोलकाता, एजेंसी।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने बीते दौर में बढ़ती लागत और कई अन्य चुनौतियों के बावजूद सितंबर तिमाही में अच्छा खासा लाभ दर्ज किया है। कंपनी ने मुकुटबन रैंप-अप, लागत में कमी, बिजली और ईंधन मिश्रण के प्रीमियमीकरण और अनुकूलन और ईंधन की कीमतों में नरमी के कारण तथा मौसमी कारकों के बावजूद सितंबर तिमाही में लाभप्रदता में अच्छा-खास उछाल दर्ज किया है। तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड नकद लाभ रु. 221 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 414 प्रतिशत अधिक है, और तिमाही के लिए शुद्ध लाभ रु. 58 करोड़ था, जबकि एक साल पहले की तुलनीय अवधि में रु. 56 करोड़ का शुद्ध घाटा हुआ था। सितंबर 2023 के अंत तक छह महीनों के लिए, कंपनी का कंसोलिडेटेड शुद्ध लाभ एक साल पहले के 5 करोड़ रुपये के मुकाबले 118 करोड़ रुपये था।

## दवा निर्माण के अच्छे तरीकों के लिए भरोसेमंद सामान का इस्तेमाल जरूरी, एक्सीपिएंट्स और सॉल्वेंट्स पर भी हो निगरानी

**मुंबई, एजेंसी।** हाल में आई खबरों से सामने आया है कि भारत में कई दवा कंपनियां मानक से घटिया स्तर की निर्माण विधियों का प्रयोग कर रही हैं। इससे न केवल उनके ब्रैंड पर बुरा असर पड़ रहा है, बल्कि व्यापक रूप से पूरे दवा उद्योग की छवि भी खराब हो रही है। नतीजतन, सरकार ने दवा कंपनियों और विशेष रूप से एमएसएमई को अगले 6-12 माह में निर्माण के लिए बेहतर तरीके अपनाने या जीएमपी सर्टिफिकेट लेने का आदेश दिया है। आंकड़ों के अनुसार, कुल 10,500 निर्माताओं में से केवल दो हजारके पास ही जीएमपी सर्टिफिकेट है। इससे समस्या की गंभीरता का पता चलता है, जिसका समाधान सरकार को प्रयत्नकरकेखोजना है। दवा संबंधी उत्पादों में मानक और निर्माण-विधियों में सुधार पर निगरानी के साथ जीएमपी सर्टिफिकेट हासिल करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच, सरकार को एपीआई, फाइनल फॉर्म्यूलेशंस और दवा उत्पादों के निर्माण के लिए भारतीय दवा निर्माताओं द्वारा आईपीए, एसीटोन, एमडीसीऔरमेथनॉल जैसे फार्माकोपिया मोनोग्राफ्ड सॉल्वेंट्स/एक्सीपिएंट के प्रयोग पर भी अधिक सजग रुख अपनाना चाहिए।

## भाजपा को चुनाव से पहले फिर लगा बड़ा झटका, पूर्व विधायक व मंत्री बृजेंद्र तिवारी ने कांग्रेस की सदस्यता ली



ग्वालियर। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले दल-बदल का दौर तेज हो गया है। टिकट ना मिलने से नाराज नेता दल बदल कर अपनी पार्टी का खेल बिगाड़ने में लगे हुए है। इसी कड़ी में ग्वालियर अंचल में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। पूर्व विधायक बृजेंद्र तिवारी ने अपने 5 हजार से ज्यादा कार्यकर्ताओं के साथ गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। साथ ही पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य के चाचा ने भी कांग्रेस का दामन थामा है। लाल सिंह के चाचा गोहद के वरिष्ठ बीजेपी नेता नारायण सिंह है, जो अब कांग्रेसी हो गए है,दोनो को पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने कांग्रेस की सदस्यता दिलाई है।

बता दें कि बृजेंद्र तिवारी भितरवार क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के 2003 में विधायक रहे हैं। लेकिन 2008 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरने पर बृजेन्द्र तिवारी को भाजपा ने निष्काषित कर दिया था। बृजेन्द्र तिवारी अंचल में बड़े ब्राह्मण चेहरे के रूप में जाने जाते है। वे इस बार फिर भितरवार से टिकट की मांग कर रहे थे। भाजपा बृजेन्द्र तिवारी को घर वापसी कराने में जुटी हुई थी, लेकिन जब भाजपा ने भितरवार से सिंधिया समर्थक मोहन सिंह राठौड़ को टिकट दे दिया तो उसके बाद से वे नाराज चल रहे थे, साथ ही वह इस बात को ब्राहम्ण समाज की बैठक में भी उठा चुके थे। आखिरकार तिवारी ने अपनी नाराजगी कॉंग्रेस पार्टी जॉइन कर दर्ज कराई है। वही बृजेन्द्र तिवारी ने कॉंग्रेस में शामिल होने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं भाजपा को छोड़ कांग्रेस में शामिल नही हुआ हूँ, मैं भाजपा की नीतियों के खिलाफ लड़ने देश की मजबूत पार्टी में शामिल हुआ हूँ, इसके जरिये भाजपा को सबक भी सिखाया है और कॉंग्रेस को मजबूती भी दी है। कॉंग्रेस को साफ कहा है कि यदि उनके कार्यकर्ताओ के साथ सौतले व्यवहार हुआ तो कॉंग्रेस में भी उन्हें अपने लोगो के लिए संघर्ष करने से कोई रोक नही सकेगा।



लीजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्राफी को गुरुवार को भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस में रवाना किया गया। यह ट्राफी टूर भारतीय रेलवे के साथ देश में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया है। यह ट्राफी देश के 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जाएगी। इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सैयद किरमानी, जोंटी रोड्स प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## एसएंडपी ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को 6 प्रतिशत पर कायम रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बुधवार को कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था का वृद्धि का मजबूत रिकॉर्ड है और उसने चालू वित्त वर्ष में छह प्रतिशत की वृद्धि दर के अनुमान को बरकरार रखा है। एसएंडपी ने एशिया-प्रशांत साख परिदृश्य-2024 में 'स्लोइंग ड्रैगन्स, रोरिंग टाइगर्स शीर्षक वाली एक रिपोर्ट में कहा कि पूंजी की गहनता में सुधार, अनुकूल जनांकिकी और उत्पादकता वृद्धि सुधार के आवश्यक कारक हैं।

## 18 की सैलरी पर मांजते थे जूठे बर्तन, आज देश में 100 से ज्यादा रेस्टोरेंट्स

### 13 साल की उम्र में घर छोड़ मुंबई आ गए थे जयराम बानन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंसान पैसे नहीं, सोच से गरीब होता है। मेहनत से गरीब होता है। अगर कोई चाह ले कि अमीर बनना है, तो फिर बेस कितना भी छोटा क्यों ना हो, मंजिल मिल ही जाती है। यह ऐसे ही एक शख्स की कहानी है। इस शख्स ने अपनी किस्मत का रोना नहीं रोया, बल्कि मेहनत की। कम पैसो वाला काम किया लेकिन सपने बड़े देखे। कहां तो वह कभी सैलरी में 18 रुपये पाता था और आज 300 करोड़ का बिजनस चलाता है। हम बात कर रहे हैं सागर र प्रतिशता रेस्टोरेंट्स के मालिक जराम बानन की। आइए उनकी कहानी जानते हैं।

**13 साल की उम्र में छोड़ दिया घर-** कर्नाटक के उडुपी में पैदा हुए जयराम बनान करीब 13 साल के रहे होंगे, जब उन्होंने घर छोड़ दिया था। घर छोड़ने का कारण था पापा की पिटाई का डर। बानन को अपने पापा से बहुत डर लगता था। स्कूलिंग के दौरान वे एक कक्षा में फेल हो गए थे। उन्हें यह डर सताने लगा कि पिताजी बहुत पिटाई करेंगे। इसी डर से उन्होंने 13 साल की उम्र में घर छोड़ दिया।

**मुंबई जाकर झूठे बर्तन मांजे-** घर छोड़कर बनान सीधे मुंबई पहुंच गए। यह 1967 का समय था। यहां उनका एक जानने वाला था, जो रेस्टोरेंट चलाता था। इसी रेस्टोरेंट में बानन काम करने लग गए। उम्र छोटी थी तो ज्यादा कुछ आता नहीं था। ऐसे में वे झूठे बर्तन धोते थे। इस काम के लिए उन्हें 18 रुपये महीने सैलरी मिलती थी। 6 साल तक उन्होंने बर्तन धोने का काम किया। इसके बाद बनान की लगन देखकर उन्हें पहले वेटर और बाद में रेस्टोरेंट का मैनेजर बना दिया गया। इसके साथ ही उनकी सैलरी 200 रुपये महीने हो गई थी।

## आईआईटी मद्रास एनपीटीईएल-गेट पोर्टल पर गेट परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क सामग्रियां उपलब्ध

चेन्नई, एजेंसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) एनपीटीईएल गेट पोर्टल इस कठिन परीक्षा के उम्मीदवारों के लिए सफलता का सपना साकार करने का ऐसा आधार है जिसका सभी लाभ ले सकते हैं।

एनपीटीईएल ङ्क गेट पोर्टल पर 50,700 से अधिक उम्मीदवार अपना पंजीकरण कर चुके हैं।पोर्टल पर विगत वर्ष 2007-2022 तक के प्रश्न (पीवाईक्यू) भी उपलब्ध हैं।पिछले 16 वर्षों से अधिक अवधि की गेट परीक्षा के विषय शामिल हैं।इस बार पिछले वर्ष से बहुत अधिक संख्या में उम्मीदवार परीक्षा की तैयारी के लिए पोर्टल से जुड़े हैं।

नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलॉजी एन्हांस्ड लर्निंग (एनपीटीईएल) आईआईटी मद्रास और आईआईएससी, बेंगलुरु सहित विभिन्न आईआईटी की एक संयुक्त पहल है । गेट के इस पोर्टल का प्रायोजक एमॅड्यूस लैब्स बेंगलुरु भी है और यह अगस्त 2022 में लॉन्च किया गया था।

ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) राष्ट्र स्तर की परीक्षा है।इसके तहत इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, विज्ञान, वास्तुकला और मानविकी में स्नातक स्तर के विभिन्न विषयों में उम्मीदवारों की समझ का मूल्यांकन किया जाता है।गेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर उम्मीदवार मास्टर और सीधे डॉक्टरेट के प्रोग्राम में नामांकन करा सकते हैं।उन्हें वित्तीय सहायता भी मिल सकती है।

भारत में हर साल लगभग 7 से 10 लाख उम्मीदवार गेट परीक्षा देते हैं। 2023 में यह संख्या लगभग 7 लाख थी।इनमें लगभग एक लाख उम्मीदवार उत्तीर्ण होने में सफल रहे।

एनपीटीईएल - गेट पोर्टल का व्यापक लाभ बताते हुए एनपीटीईएल-आईआईटी मद्रास के समन्वयक प्रोफेसर एंड्रयू थंगराज ने कहा, मॉकटेस्ट और लाइव सेशन में भारी संख्या में उम्मीदवारों की भागीदारी का अर्थ यह है कि उन्होंने पोर्टल की सामग्रियों का लाभ लेकर गेट परीक्षा की जबरदस्त तैयारी करने की ठान ली है।इन उम्मीदवारों के लिए एनपीटीईएल-गेट पोर्टल बहुत लाभदायक है और सबसे बड़ी बात कि यह सुविधा निःशुल्क है इसलिए अब उच्च गुणवत्ता की शैक्षिक सामग्री सर्वसुलभ है।''

गेट परीक्षा में बेहतरीन रैंक के लिए उम्मीदवार अक्सर कम से कम एक साल पहले तैयारी शुरू कर देते हैं।बड़ी संख्या में उम्मीदवार निजी संस्थान और ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म से कोचिंग लेते हैं जो काफी महंगा पड़ता है।

एनपीटीईएल-गेट पोर्टल पर उम्मीदवारों को 2007-2022 तक यानी पिछले 16 वर्षों से अधिक के प्रश्न (पीवाईक्यू) मिल जाते हैं । ये गेट परीक्षा के विभिन्न विषयों के होते हैं । पोर्टल से जुड़े उम्मीदवारों ने अगस्त 2022 से फरवरी 2023 तक छह प्रमुख विषयों ङ्क इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार, भौतिकी और रसायन विज्ञान में 115 मॉक टेस्ट पूरे किए।

15 अक्टूबर 2023 से शुरू इस सेमेस्टर में पिछले छह विषयों और जैव प्रौद्योगिकी सहित सात विषयों में 19 मॉक टेस्ट पूरे हो चुके हैं।

## भाजपा प्रत्याशी सुदेश राय का धमकी भरा अंदाज, अब आंख उठाई तो ऐसा जबाव देंगे कि याद रखोगे

### मुख्यमंत्री ने फोन पर सीहोर की सभा को किया संबोधित

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव अब व्यवहारिका के बाद धमकी-चुनौती पर भी सुनाई देने लगी है. एक दिन पहले सीहोर विधानसभा के श्यामपुर में बीजेपी की जनसभा आयोजित की गई. जनसभा में सीएम शिवराज ड्क्षसह चौहान को सम्मिलित होना था, लेकिन देर होने की वजह से सीएम शिवराज सिंह चौहान जनसभा के दौरान श्यामपुर नहीं आ सके और उन्होंने राजगढ़ जिले से ही सीहोर की सभा को संबोधित किया, हालांकि देर रात को सीएम श्यामपुर भी आ गए थे. इधर जनसभा को संबोधित करते हुए बीजेपी प्रत्याशी सुदेश राय का धमकी भरा अंदाज नजर आया।

विधायक व सीहोर से बीजेपी प्रत्याशी सुदेश राय ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विरोधी तंत्र ऐसे स्तर पर आकर चुनाव लड़ रहे हैं, जैसे उनकी सल्तनत आज ही लुट गई हो. सुदेश राय ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि तुम चिंता मत करना, बिल्कुल भी चिंता मत करना. चुनाव तो अपन ही जीतेंगे, सरकार तो अपनी ही बनेगी, फिर इनको भी समझ लेंगे, कितनी गुंडागर्दी आती है. ये तो मेरी शराफत है, मेरे परिवार की शराफत है कि 10 साल में इनका कुछ नहीं किया. हम ऐसे लोग नहीं है पर अब किसी ने आंख



उठाई तो उसका जवाब भी ऐसा दिया जाएगा कि वो भी याद रखेंगे कि उनसे भी बड़ा कोई है.

सीएम ने नरसिंहगढ़ से ही सीहोर को किया संबोधित

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लेट हो जाने की वजह से श्यामपुर में स्थित जनसभा के दौरान मंच पर उपस्थित नहीं हो सके. नतीजतन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ से ही मोबाईल के माध्यम से सीहोर स्थित श्यामपुर की सभा को संबोधित किया. चिंता मत करना कुरावर से सीधा श्यामपुर ही आउंगा, मुझे 10 बज जाएगा बहनों और भाईयों मैं सरकार नहीं चलाता, परिवार चलाता हूं. ये मेरा पिरवार है. अपार जनसमूह. इतनी रात को बैठकर मेंरा इंतजार कर रहे हैं. मैं लाडली बहनों का भाई लगता हूं और भांजे भांजियों का मामा. सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि योजनाएं तो कई बनाई, लेकिन मेरे मन में एक बात थी कि मेरी गरीब बहनें हजार-हजार रुपए के लिए परेशान होती हैं. कोई जरुरत पड़ जाती थी, तो इंतजाम नहीं हो पाते था. मुझे लगा शिवराज तुम बहनों के सगे भाई हो तो बहनों के लिए भी तो कुछ करना चाहिए अंत मैंने सोचा कि कुछ मत करो सीधे अपनी बहनों के खाते में पैसा डाल दो और मेने बना दी लाडली बहना योजना।

### जाओ बहनों धनतेरस की खरीदारी करो

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना का पैसा 10 तारीख को आता है, लेकिन इस बार दीपावली थी, इसलिए मैंने 10 तारीख के पहले ही पैसा डलवा दिया. सीएम शिवराज ने कहा कि जाओ मेरी बहनों दिवाली धनतेरस की खरीदारी करो. ये लाडली बहना योजना आपकी जिंदगी बदलने का अभियान है. सीएम ने लाडली बहनों से पूछा बताओ मेरी बहनों लाडली बहना योजना से खुशियां आई कि नहीं. इस तरह सीएम शिवराज ने राजगढ़ जिले से ही सीहोर जिले की सभा को भी संबोधित कर दिया. हालांकि बाद में सीएम शिवराज सिंह चौहान श्यामपुर भी आए और लाडली बहनों से मिले।

## छिंदवाड़ा-इन्दौर वन्दे भारत ट्रेन चलाई जावे: कैलाश पाटनी

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा से इन्दौर वन्दे भारत ट्रेन चलाने की मांग इंका नेता व वरिष्ठ पत्रकार कैलाश पाटनी ने की है। उन्होने प्रधानमंत्री एवं रेलमंत्री से मांग की है कि छिंदवाड़ा से इन्दौर का व्यापारिक संबंध है यह ट्रेन सुबह चलकर रात्रि में वापस आ जावे इससे राजधानी भोपाल का भी ट्राफिक बहुत मिलेगा। रेल्वे ने इन्दौर से नागपुर चलती इस ट्रेन को छिंदवाड़ा होते हुए भी चलायी जा सकती है।

## अयोध्या की महारानी का होगा आज आगमन

छिंदवाड़ा। प्रतिवर्षानुसार इस 15 वें वर्ष भी श्री शेषनाग महाकाली धाम, वार्ड नंबर 18 सुक्लुढाना, छिंदवाड़ा में अयोध्या की महारानी का आज आगमन होगा। उक्ताशय की जानकारी समिति के सत्यम सिंह राजपूत ने देते हुये बताया कि माताजी की स्थापना मंदिर प्रांगण में दीपावली के दिन दिनांक 12.11.2023 दिन रविवार को रात्रि 12 बजे की जायेगी एवं देवीजी की विदाई दिनांक 22.11.22 दिन बुधवार को शाम 3 बजे से स्थानीय छोटा तालाब में विर्सजन किया जायेगा। उन्होनें बताया कि माताजी का आगमन आज दिनांक 10.11.2023 दिन शुक्रवार को धनतेरस के दिन देवी प्रतिमा रैली के माध्यम से पातालेश्वर से प्रारंभ होकर, महाकाल मंदिर, बड़ी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर, फब्बारा चौक, अमित ठेंगे चौक, यातायात थाना, रेल्वे स्टेशन, कुण्डीपुरा थाना से होते हुये मंदिर प्रांगण पहुँचेगी।

## मतदान उत्सव और दीपोत्सव के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता



छिन्दवाडा। टी. वर्ल्ड विद्यालय हर त्यौहार सांस्कृतिक और शिक्षाप्रद तरीके से मानता है इसी क्रम में विद्यालय में रंगोली साज सज्जा का आयोजन किया गया। जिसमें मतदान जरूर करें ,अशिक्षा जाहिलियत हैं मतदान हमारा अधिकार है आदि विषयों पर रंगोली बनायी गयी। जिसमें मुख्य अतिथि वनस्थली पब्लिक स्कूल के संचालक श्याम गजभिये जी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। साथ ही अतिथि के रूप में शमीना खान रही। विद्यार्थियों में ताबन ,आयशा, इस्मा, आयत, फलक, मो.बारिस,अब्दुल उबेश, अनस आदि विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रयास किये। इस कार्यक्रम में शिक्षिका राधा और इलमा का विशेष सहयोग रहा। प्राचार्य मो.इस्माईल ने सभी अतिथियों का आभार माना और संस्था संचालक आयशा ने बच्चों को रंगोली के रंगों, मतदान और दीपोत्सव का महत्व बताया। मुख्य अतिथि श्याम सर ने कहा कि आज के समय में हर त्यौहार को जागरूकता से मनाना बहुत ही सराहनीय हैं। विद्यार्थियों के इस कदम की उन्होंने सराहना की।

## स्कूल के 2 नन्हे बच्चों ने राम सीता का अहम भूमिका निभाई



**परासिया।** विजडम पब्लिक स्कूल में धूम धाम से मनाया गया दीपावली त्योहार जिसमें विजडम स्कूल के नन्हे कलाकार बच्चों ने बड़ चढकर हिसा लिया वहीं इस उत्सव कार्यक्रम में 2छोटे बच्चों ने रामायण के राम सीता व हनुमान जी का अभिनय किया जिसे देख बच्चों ने और भी उत्सव प्रकट किया इस त्योहार कार्यक्रम में विजडम स्कूल के संचालक हेमंत शर्मा, निर्देशक श्रीमती स्वेता शर्मा, प्राचार्य श्रीमती सीमा शर्मा, उप प्राचार्य रविरत्नाकर एवं स्कूल शिक्षा प्रभारी अशोक अर्पिता सोनी साथ ही स्कूल के बच्चे व शिक्षा विभाग उपस्थित रहे।

## निगमायुक्त ने किया आदर्श मतदान केंद्रो का भ्रमण

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने गुरुवार को नगरीय क्षेत्र के पांच आदर्श मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। इस दौरान संबंधित जोन के जोनल अधिकारी आयुक्त के साथ रहे। आयुक्त ने भ्रमण के दौरान सभी आदर्श केंद्रो के शौचालय में सफाई व्यवस्था देखी एवं शौचालय में सफाई तथा पानी की व्यवस्था हेतु निर्देश दिए। इसके साथ ही आयुक्त ने मतदान केंद्रो को आकर्षक बनाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही केंद्रो तक पहुंचने हेतु दिशा सूचक चिन्ह लगाने एवं पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# खुलेआम चल रहा रेत का अवैध कारोबार

## खनिज विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई, अवैध निर्माण कार्यों पर नहीं लग रही लगाम

छिंदवाड़ा। एनजीटी और खनिज विभाग ने नदियों से रेत उत्खनन करने में प्रतिबंध लगा रखा है। वही रेत के स्टॉक भी जब्त कर लिए है। इस लिहाज से रेत उत्खनन करना या रेत बेचना प्रतिबंधित है। इसके बाद भी खजिन विभाग की नाक के नीचे रेत का अवैध उत्खनन कर बंदर अवैध परिहन कर मकान निर्माण गया। स्थल तक आसानी से रेत पहुंचाई जा रही है।शहर के पॉश इलाके बड़वन में था, तीन मंजिला मकान निर्माण किया करने जा रहा है। इन निर्माण कराने वालों को सहजता से रेत मिल रही है। रेत टे ने मुख्य मार्ग पर डलवाई जा रही है। गया। जहां सबकी नजर है। निर्माण कार्य नाया स्थल से महज सौ मीटर की दूरी रेफर पर कलेक्टर का बंगला है। बाजू में नगर निगम कार्यालय है। इतना ही नहीं 80 मीटर की दूरी पर सिविल लाइन है। जहां दिन रात अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है। इसके बाद बैखोफ रेत का अवैध कारोबार फल फूल रहा है।



### खनिज विभाग उदासीन, पुलिस कर रही कार्यवाही

बता दें कि जिले भर में रेत का अवैध उत्खनन से लेकर अवैध कारोबार हो रहा है। चाहे वह नदियों से अवैध उत्खनन हो या वन परिक्षेत्र से रेत का अवैध लगे हुए है। उत्खनन का मामला हो। जिले भर में बेधड़क रेत का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। इसमें खजिन विभाग का उदासीन रवैया देखने मिल रहा है। इस उदासीन रवैया को देखकर अंदाजा लगाया जासकता है कि खनिज माफिया अधिकारियों की सांठ-गांठ से इस कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। जो काम खनिज अधिकारियों को करना चाहिए। वह कार्य पुलिस विभाग कर रहा है। बीते दिन जुन्नारदेव में पुलिस ने एक रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रेक्टर एमपी 28एसी-1204 रेत से भरा हुआ जब्त किया है। ऐसे एक नहीं हर थाने में आए दिन मामले सामने आ रहे है। इधर खनिज अधिकारी स्टॉफ नहीं होने का बहाना बताकर किनारा करने में लगे हुए है।

### नहीं रहना चाहते खनिज अधिकारी

बताया जाता है कि हाल ही में पदस्थ जिला खनिज अधिकारी की छिदंवाड़ा में रहनेमें कोई रूचि नही है, इस कारण वे कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है वे यहां रहना नहीं चाहते, किन्तु चुनाव तक रहना उनकी मजबूरी है। चुनाव के बाद वे नई सरकार में जुगाड़ कर यहां से चले जायेंगे, कार्यवाही न होने से रेत माफियों के हौसले बुलन्द है।

### महाराष्ट्र पहुंचाया जा रहा मैगनीज

सौंसर क्षेत्र के कच्चीढाना मैगनीज खदान के बाद भीलापार से करोड़ों रूपए की मँगनीज महाराष्ट्र पहुंचाई जा रही है। बता दें की जिले भर में एक मात्र मँगनीज की खदान सौंसर में है। यहां कच्चीढाना मँगनीज खदान सालों से है। अब भीलापार से महाराष्ट की कंपनी अवैध उत्खनन कर लाखों का मैगनीज सौंसर के ग्रामीण क्षेत्रों से होते महाराष्ट्र पर पहुंच जाती है। इसकी खदान का कोई ठेका नहीं हुआ है। इससे जिले के राजस्व को करोड़ों रूपए का चूना लगाया जा रहा है।



छिंदवाड़ा। दीपावली को लेकर घर आंगन सजने लगे हैं बाजार में लक्ष्मी जी की आकर्षक मूर्तियां ।

## गरीब भाइयों और बहनों के लिए भाजपा सरकार जरूरी



छिंदवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी के छिंदवाड़ा विधानसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू वार्ड क्र. 25 एवं 32 एवं जिला न्यायालय पहुंचे, वार्डो में श्री साहू का भव्य स्वागत किया गया एवं उन्हें जीत का आशीर्वाद भी दे रहे है। सभी वार्डवासियों को धन्यवाद देते हुए श्री साहू ने कहा कि छिंदवाड़ा के स्थानीय निवासी को छिंदवाड़ा का विधायक चुनें। सबका साथ, सबका विश्वास और सबका कल्याण के साथ भारतीय जनता पार्टी की जनहितैषी योजनाओं से आमजन को लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली, भाजपा नेता मंगेश कपाले, वामन साबले, शिखर पांडे, शिवा सरस्वार, संतोष साहू, पप्पू ठाकुर, श्रवण शर्मा, राजा साहू, अजय मंडराह, कुशल शुक्ला, शिवा पटेल, विनय ठाकुर, किशोर घोरसे, यश गुप्ता, श्रीकांत मालवीय, अर्पण मैद, बबलू पांडे, लक्ष्मण सेंगर, हर्ष सोनी, गोलू ठाकरे, मनोहर ठाकरे, विराट भारद्वाज, मनीष गुप्ता, सुनील मालवीय, रविन्द्र फोले, सविता शिवहरे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

# हम धर्म को राजनीति के मंच पर नहीं लाते: नकुलनाथ

## मोहखेड़ के चारगांव में सभा को किया सम्बोधित





छिन्दवाड़ा। धर्म आस्था का विषय है ना कि राजनीति का, हम धर्म को राजनीति के मंच पर लेकर नहीं आते और राजनीति को धार्मिक मंच पर। भाजपाइयों और हम में यही सबसे बड़ा अंतर है। अठारह साल सत्ता में रहे किन्तु प्रदेश और जिले में भाजपा ने फूटी कौड़ी का काम नहीं किया अब जनता को बताने के लिये कुछ नहीं है तो धर्म की आड़ ले रहे हैं। उक्त उदगार आज जिले के ऊर्जावान सांसद नकुलनाथ ने मोहखेड़ विकासखण्ड के ग्राम चारगांव में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये।

### मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार फिर आप सभी इतिहास दोहरायेंगे: प्रियानाथ

छिन्दवाड़ा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ के विकास कार्यों को निरंतर महिला समूहों के बीच पहुंचा रही श्रीमती प्रियानाथ ने आज दो स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित किया। श्रीमती प्रियानाथ ने अपने उदबोधन में कहा कि कांग्रेस की सरकार बनते ही महिलाओं को प्रतिमाह 15 सौ रुपये और पांच सौ रुपयों में रसोई गैस सिलेण्डर मिलेगा। पढ़ो-पढ़ाओ योजना के तहत बच्चों को कक्षा के.जी से 12 वीं तक की उच्च गुणवत्ता शिक्षा निःशुल्क प्राप्त होगी। पात्र बच्चों को कक्षावार 500 रुपये से 1500 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जावेगी। श्रीमती प्रियानाथ ने कहा कि जिले और प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में अंग्रेजी माध्यम के राज्य नवोदय विद्यालय प्रारंभ किये जायेंगे। संभागीय स्तर पर राज्य सैनिक स्कूल की शुरुआत होगी। रोजगारमूलक व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रारंभ करेंगे। श्रीमती नाथ ने भगवान श्रीचन्द स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि किसी भी नगर में ऐसे स्थान बहुत कम हुआ करते हैं, जहां ज्ञान, ध्यान और सम्मान एक साथ मिले और संस्कारों की यह बुनियाद बचपन से डाली जावे। ताकि हमारे देश को एक सशक्त नागरिक मिल सके और इन प्रयासों के लिये मैं भगवान श्रीचंद स्कूल के संस्थापक एवं इनके गुणी स्टॉफ को बधाई देती हूं। कहने को तो बहुत कुछ है परन्तु हमारी आदर्श आचार संहिता इसकी अनुमति नहीं देती और हम भी पूरी निष्ठा से इसका पालन करते हैं। आप सभी जानते हैं कि ठीक 9 दिन बाद आप अपने घर, अपने वार्ड, अपने नगर, अपने जिले और अपने प्रदेश का भविष्य लिखने वाले हैं। 17 नवम्बर को आपका एक वोट जिले और प्रदेश का भविष्य निर्धारित करेगा। और हमने यह देख लिया है कि हमारा भविष्य कमलनाथ जी के हाथों में सुरक्षित है। इसीलिये हमें अपने हाथ यानि पंजे से पंजे का बटन दबाकर कमलनाथ जी के हाथों को मजबूत करना है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप फिर नया इतिहास बनाने को तैयार है।

### कांग्रेस के हुये गोंडवाना के कार्यकर्ता व पदाधिकारी

छिन्दवाड़ा। अखिल भारतीय गोण्डवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अब कांग्रेस के हो चुके हैं। नकुल- कमलनाथ के विकास कार्यों व आदिवासी समाज के प्रति उनका आत्मिक लगाव से प्रभावित होकर हर्रई विकासखण्ड के सैकड़ों पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ व सांसद श्री नकुलनाथ के समक्ष कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर श्री कमलनाथ को पुनःमुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया है।

## योग कर जीवन को सरल बनायें

### आठवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में हुए आयोजन

### डॉ. प्रमिला यावतकर ने प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत



छिन्दवाड़ा -राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की गतिविधियों के अंतर्गत जिला आयुष अधिकारी डॉ.दत्तात्रेय भदाड़े के निर्देशन में शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय पलटवाड़ा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्र-छात्राओं के लिए रंगोली, चित्रकला,निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अधिक से अधिक बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर आयुष विभाग द्वारा प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र -छात्राओं को आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रमिला यावतकर द्वारा पुरस्कृत किया गया, शिक्षकों को औषधीय पौधों को वितरित किया गया। साथ ही आयुर्वेद को जीवन में सम्मिलित कर जीवन को सरल बनाने के उपाय बताए गये ,योगा का महत्व बताया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों के लिए निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें 84 रोगियों को निःशुल्क आयुर्वेद औषधि का वितरण कर ग्रामीणों को आयुर्वेद औषधि की जानकारी दी गई।

## मारपीट कर हत्या कारित करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास



छिंदवाड़ा। विवेक कुमार सिंह अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश सौंसर द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 44/19 थाना लोधीखेडा के अपराध क्रमांक 186/19 में आरोपीगण 1. चिंतामन? पिता टीकाराम उइके उम्र-59 वर्ष , 2. विलास पिता चिंतामन उईके 39 वर्ष, 3. जयश्री पति कमल कुमरे उम्र करीब 36 वर्ष तीनों निवासीगण ग्राम ढोकढोह थाना लोधीखेडा जिला छिन्दवाडा को अंतर्गत धारा-302/34 भादवि में आजीवन कारावास एवं (5000-5000) कुल 15000-रू के अर्थदंड से दंण्डित किया गया । अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक संदीप मेश्राम द्वारा पैरवी की गई।

**घटना विवरण-** अपर लोक अभियोजक संदीप मेश्राम ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया की दिनांक 27/06/2019 को दोपहर 1 बजे मृतक योगेन?द्र इंग?ले अपनी पत?नी को लेने ढोकढोह ससुराल गया था जहां परिवार के लोगों के साथ विवाद होने के उपरांत पत?नी सरिना ने कहा कि आप नदी के उस पार खेत मे चलो मै आ रही हूँ जहां खेत में सरीना के परिवार वाले आरोपी विलास ने योगेन्द्र इंग्ले को एक डंडा उसके बांये हाथ की भुजा में एवं दूसरा डंडा उसके सिर में मारा फिर चिंतामन और जयश्री आये और वे लातों से उसे मारने लगे विलास ने जान से मारने की नियत से उसके पीठ के उपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी जिससे उसकी पीठ और दोनों हाथ जल गये वह जलता हुआ सरिना के घर गया तो वहां मोहल्ले को लोग आ गये जिन्होंने 100 डॉयल किये फिर उसे 108 एम्बूलेंस सौंसर अस्पताल लाया गया जहां से उसे छिन्दवाडा रिफर कर दिया गया इसके पश्चात उसे नागपुर अस्पताल ले जाया गया जंहा उसकी मृत?यु हो गई । उक्त घटना के संबंध में थाना लोधीखेडा में आरोपीगण के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया । प्रकरण में उपनिरीक्षक हरीराम मानकर द्वारा प्रकरण की संपूर्ण विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया विचारण के दौरान न्यायालय द्वारा आरोपीगण को उक्त अपराध में दोषसिद्ध पाते हुए दंण्डित किया गया।

## कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने 250 पुलिस जवानों के साथ किया फ्लैग मार्च



छिदंवाड़ा। जिले के सुदूर गांव पलास पानी (थाना लावाघोघरी) में छिंदवाड़ा। आगामी चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए सघन जंगल के दूरस्थ क्षेत्र में पुलिस एवं प्रशासन की उपस्थिति एवं सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिए जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा लावागोगरी थाना अंतर्गत पलासपानी गांव में भ्रमण कर फ्लैग मार्च किया गया साथ ही नजदीक के मतदान केंद्रों का भी भ्रमण किया गया। इस दौरान एसडीओपी प्रियंका पांडे, रक्षित निरीक्षक आशीष तिवारी, थाना प्रभारी लावा घोघरी सीएस सरयाम, सूबेदार राकेश तिवारी, निरीक्षक संजय भलावी एवं सीआईएसएफ के 150 जवान और महाराष्ट्र एसएपी के 100 जवान उपस्थित रहे । कुल 250 पुलिस अधिकारी जवान द्वारा एरिया डोमिनेशन किया गया ।

## जैन सोशल वूमेन ग्रुप ने जरूरत मंदों को किया वस्त्र वितरण



**छिंदवाड़ा।** कार्तिक कृष्ण अमावस्या सोमवार के शुभ दिन सकल जैन समाज अहिंसा के प्रणेता एवं जियो और जीने दो के उदघोषक तीर्थंकर महावीर भगवान का 2550 वां निर्वाण महोत्सव एवं उनके मुख्य गणधर गौतम स्वामी का केवल ज्ञान महोत्सव मनावेगा।श्री वीर प्रभु के 2550 वें निर्वाण महोत्सव की खुशी में सर्वोदय अहिंसा सहित जियो और जीने दो की पवित्र भावना के साथ गुरुवार के शुभ दिन सकल जैन समाज के विशेष सहयोग से जैन सौशल वूमेन ग्रुप द्वारा नगर के एकता पार्क के सामने स्टाल लगाकर 2 हजार से अधिक जरूरत मंद बच्चे, महिलाएं, पुरुषों को वस्त्र एवं मिष्ठान वितरित कर उन्हे शुभ दीपावली सहित निर्वाण महोत्सव की शुभकामनाएं दी गई इस अवसर पर जैन सौशल वूमेन ग्रुप की संस्थापक श्रुति बाकलीवाल, सह संस्थापक पलक जैन सहित मोना पाटनी, रश्मि जैन, रेखा पाटनी, अंकिता जैन, आरती जैन, निधि जैन, नेहा जैन, गोल्डी बाकलीवाल, नीरजा जैन, प्रिया पाटनी, शालनी जैन, सुरभि रावका, प्रीती जैन सहित बड़ी संख्या में जिनशासन सेविका उपस्थित रहीं,

### सौंसर विधानसभा क्षेत्र में

# विद्रोही प्रदीप ठाकरे नाना मोहोड़ का खेल न बिगाड़ दें

## क्षेत्र की जनता कमलनाथ को मुख्यमंत्री देखना चाहती है

गोविन्द चौरसिया

छिंदवाड़ा। सौंसर विधानसभा क्षेत्र में 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, मुख्य मुकाबला भाजपा के नाना मोहोड़ व कांग्रेस के विजय चौरे के बीच है। किन्तु भाजपा के संघ के प्रदीप ठाकरे भी भाजपा के विद्रोही हो गए हैं। इस क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी पंजाबराव भी चुनाव मैदान में हैं। क्षेत्र में 210187 मतदाता हैं जिसमें 1,07842 पुरूष और 1,02343 महिला मतदाता हैं, जिसमें नए मतदाताओं की संख्या 9718 हैं। पिछले विधानसभा 2018 में नाना मोहोड़ 20472 वोटों से कांग्रेस के विजय चौरे से हारे थे। बहुजन समाज पार्टी के अनिल गुर्वे को 2596 एवं गोंडवाना के रामेश्वर कवरेती को 1892 एवं आम आदमी पार्टी को 1116 वोट मिले थे।

पूर्व विधायक रामाराव महाले के चेले नाना मोहोड़ पहली बार 2003 में विधायक बने उन्होने रेवनाथ चौरे के बड़े पुत्र कांग्रेस प्रत्याशी अजय चौरे हो हराया, 2008 में नाना मोहोड़ विधायक बने, 2013 में नाना फिर विधायक बने किन्तु 2018 में रेवनाथ चौरे के छोटे पुत्र कांग्रेस के विजय चौरे से हार गए। भाजपा ने पांचवी बार नाना मोहोड़ को टिकट दिया है। नाना मोहोड़ को टिकट देने का विरोध भाजपा के प्रदीप ठाकरे, आनंद ठाकरे एवं अन्य भाजपा नेता कर रहे थे। किन्तु नाना पांचवी बार टिकट पाने में



सफल हो गए नागपुर के नितिन गडकरी उनके गॉड फादर कहलाते हैं। पिछले वर्षो में नाना के परिवार की ख्याति रेत माफिया के रूप में रही है। कई बार कांग्रेस नाना पर रेत माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगा चुकी है। नाना को टिकट मिलने से पुराने संघ के एवं भाजपा समर्थक नेता नाराज हो गए उनका कहना है कि एक ही नेता को कब तक ढोते रहेंगे। नाना का विरोध करते हुए भाजपा एवं संघ के प्रदीप ठाकरे विद्रोही हो गए एवं चुनाव में खड़े हो गए।

बताया जाता है कि नाना मोहोड़ को चुनाव में रूपए की कमी नहीं है वे खुले हाथों से चुनाव में खर्च करेंगे। भाजपा के विद्रोही प्रदीप ठाकरे का चुनाव चिन्ह कैंची है वे भी गांव गांव में चुनाव प्रचार में लगे हैं। बताया जाता है कि प्रदीप ठाकरे नाना मोहोड़ की जीत को रोक सकते हैं। क्योंकि नाराज भाजपाई प्रदीप ठाकरे के साथ हैं। कांग्रेस के विजय चौरे के पीछे कमलनाथ हैं कांग्रेस उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का प्रचार कर रही है। जो भाजपा पर भारी है। कांग्रेस का वचन पत्र भी भाजपा के घोषणा पत्र से प्रभावित है। कमलनाथ के चुनाव लड़ने का तरीका व्यवस्थित है,जो एक एक बूथ के नेताओं से चर्चा करते हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि कही प्रदीप ठाकरे नाना मोहोड़ का खेल न बिगाड़ देवें। चुनाव के संबंध में नाना मोहोड़ के पुत्र राहुल मोहोड़ से कई बार चर्चा करने की कोशिश की गई उन्होने फोन नहीं उठाया। राहुल मोहोड़ मोहखेड़ का क्षेत्र देख रहे हैं। यह क्षेत्र पहले छिंदवाड़ा विधानसभा में था, मोहखेड़ क्षेत्र में पूर्व मंत्री चौधरी चन्द्रभान का बहुत प्रभाव है। क्षेत्र में उनके समर्थक कार्यकर्ता ज्यादा हैं। और चौधरी चन्द्रभान सिंह वहां काम नहीं कर रहे हैं। क्योंकि नाना मोहोड़, बंटी साहू गुट के हैं। इस कारण नाना मोहोड़, चौधरी चन्द्रभान सिंह को क्षेत्र में जाने से रोक रहे हैं। उन्हें आमंत्रण भी नहीं दिया है। चौधरी चन्द्रभान सिंह के कारण मोहखेड़ क्षेत्र में उनके समर्थक चुप बैठे हैं एवं नाना को नुकसान पहुंचा सकते हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि कहीं प्रदीप ठाकरे, नाना मोहोड़ का खेल न बिगाड़ देवें। प्रदीप ठाकरे कहते है कि वे चुनाव जीत रहें है, चुनाव परिणाम बताएगा की विद्रोहियों की क्या स्थिति रहती है और जनता ने किसको पसन्द किया।

# केवलारी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का जनाधार कम होने से संघर्ष हुआ त्रिकोणीय

## गोंडवाना गणतंत्र पार्टी दे रही दोनों पार्टियों को टक्कर

**सिवनी-** केवलारी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस का जनाधार मुठ्ठी में रखे रेत की तरह धीरे-धीरे रिसता जा रहा है जिसका खामियाजा पिछले पंचवर्षीय विधानसभा चुनाव में देखने को मिला भी जहां से कांग्रेस का गढ़ माने वाली केवलारी विधानसभा सीट को भाजपा के दबंग विधायक राकेश पाल सिंह ने हथियाकर इतिहास बनाया। एक बार भारतीय जनता पार्टी ने राकेश पाल सिंह पर विश्वास जताते हुए अपना प्रत्याशी बनाया जिसका सीधा सामना कांग्रेस के पूर्व विधायक रजनीश सिंह से है।

केवलारी विधानसभा ही नहीं अपितु पूरे महाकौशल प्रांत के राजनीतिक चाणक्य एक मात्र क्षत्रप नेता माने जाने वाले पूर्व त्रिविभागीय मंत्री, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रहे स्व. ठाकुर हरवंश सिंह के समय चुनावों में सीधी टक्कर कांग्रेस और भाजपा की होती थी क्षेत्रीय पार्टियां उनके प्रभाव से उनका ही समर्थन करती थी। स्व. ठाकुर हरवंश सिंह ने अपने अपने कार्यकाल में पूरे विधानसभा क्षेत्र और क्षेत्र की जनता को लाभ पहुंचाने जमीनी स्तर पर बहुत काम किए जिसका परिणाम यह हुआ कि आज विधानसभा क्षेत्र केवलारी मिनी पंजाब के नाम से जाना जाने लगा। इस क्षेत्र में नहरों जाल बिछाकर किसानों को समृद्ध बनाने के लिए उनका अंतिम समय तक साथ दिया आज क्षेत्रीय किसान और जनता उनके कार्यों को भूलकर भी भुला नहीं सकती लेकिन अपने पिता के इन कार्यों को उनके पुत्र पूर्व विधायक रजनीश सिंह भुना नहीं पाए और आज लगातार संघर्ष करने के बावजूद उन्हें पराजय ही हाथ लग रही है। इससे प्रतीत होता है कि पिता और पुत्र के व्यवहार में जमीन आसमान का अंतर था जो आज नजर आ रहे है जिसके चलते जो जनता ठाकुर स्व. हरवंश सिंह को अपना आदर्श मानती थी वह जनता आज उनके पुत्र को पसंद नहीं कर रही है। जिसका खामियाजा कांग्रेस पार्टी को भुगतना पड़ सकता है। इस क्षेत्र में कांग्रेस की लगातार निष्क्रियता के चलते तीसरी शक्ति के रूप में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने अपना जनाधार मजबूत करते हुए इस विधानसभा चुनाव में मजबूत स्थिति बना ली है। आदिवासी समाज की एकता इस बार कांग्रेस और भाजपा के लिए कड़ी चुनौती बनकर चुनाव मैदान में अपने प्रत्याशी प्रीतम सिंह उइके के लिए तन-मन से प्रयास कर रहा है जिसके चलते यह चुनाव कांग्रेस भाजपा और गोंडवाना के बीच त्रिकोणीय हो गया है।


पूजा श्री की अब तक की सबसे बड़ी
उपहार योजना
हर खरीदी पर निश्चित उपहार
51
लाख के बम्पर उपहार
10 डायमंड नेक्लेस
शुभ धनतेरस
रिश्तों की खूबसूरती शुद्धता के साथ खरीदें 10,000 रु. के स्वर्ण आभूषण और पाइये 51 लाख के बम्पर उपहार
तृतीय उपहार 3 फसीनो
प्रथम उपहार डुप्लेक्स
द्वितीय उपहार 2 कार
23 कैरेट स्वर्ण आभूषण बनवाई पर 100% की छूट
सिर्फ 50 प्रतिशत राशि जमा कर मनपसंद आभूषण बुक करें भीड़ एवं भाव की घट-बढ़ से बचिये 60 दिन में जब चाहे आभूषण घर ले जायें
हॉलमार्क गोल्ड ज्वेलरी की बनवाई पर 25% की छूट
डायमंड ज्वेलरी की बनवाई पर 25% की छूट
पूजा श्री स्वर्ण समृद्धि योजना
पूजा श्री अग्रिता नगद योजना
पूजा श्री ज्वेलर्स
परासिया रोड, छिंदवाड़ा, फोन :- 07162-247365


SPECIAL OFFER
मौका है छूट ना जाये
इस त्यौहार होगी बजाज बाइक के साथ उपहारों की बौछार
कार्ड स्क्रैच करें और पाये लाखों के निश्चित उपहार
SCRATCH & WIN
YOU WON
नगद छूट ₹7000*/-
₹1,10,746*/-
pulsar 150
FRIDGE
MICROWAVE
TV
INDUCTION
BOWL SET
MIXER
SUNIL BAJAJ
मेन शोरूम - पी.जी कालेज रोड, लालबाग, छिंदवाड़ा
9244122587, 9329938622, 7880097058, 07162-222203, 9244122586
ब्रांच - नागपुर रोड नियर महाजन लॉन,चंदनगांव, छिंदवाड़ा +91 79878 16563, 9244122588


KMT
ज्वेलर्स
कामठी वाले
गोल्ड • डायमंड • कुंदन • जेम स्टोन
सोने के साथ समृद्धि घर आए,
मां लक्ष्मी की असीम कृपा बरस जाए
शुभ धनतेरस
प्रतिष्ठान खुलने का समय सुबह ९.३० बजे !
नागपुर रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)+91 9617919179, 07162-226600/01


चाय/कॉफी मशीन
Godrej | VENDING
दूध, शक्कर, चायपत्ती गैस की झंझट से मुक्ति
मशीन में चाय काफी गिनने हेतु काऊन्टर सुविधा
प्रीमिक्स (पावडर) उपलब्ध
जिंजर टी, लेमन टी, प्लेन टी, डिप-डिप चाय, मसाला टी, क्लासिक कॉफी, प्लेन कॉफी, टोमाटो सूप, बादाम केसर मिल्क
अधिकृत डीलर :- बालाजी एसोसिएट्स
सिटी ऑफिस :- 29, प्रेस काम्पलेक्स, गर्ल्स कॉलेज के सामने छिंदवाड़ा
Mob. 9425360782, 6265219002


TATA MOTORS
Connecting Aspirations
TATA
NEW NEXON WAY AHEAD
NEXON
Introductory Price*
₹8.09 Lakh*
BOOK NOW
SUNIL AUTOMOTIVES
Authorised Dealer-TATA MOTORS
Nagpur Road Gram Sarra, Near Hanuman Mandir, Chhindwara
Mob: 7771004545


GOLDEN FESTIVE OFFER
15 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024
PATODI
प्रथम उपहार 10gm Gold Coin
द्वितीय उपहार 5gm Gold coin
तृतीय उपहार 2gm Gold coin
10 सान्त्वना पुरस्कार
ख़ुशियाँ मनाए हमारे संग
आसान फाइनेंस एवं एक्सचेंज सुविधा
SAMSUNG SONY DAIKIN Whirlpool BLUE STAR TCL Symphony RAM KENT
0% ब्याज दर
आसान किश्तें
कैश बैक
आकर्षक क़ीमत
आकर्षक उपहार
वैवाहिक पैकेज
आशीष इलेक्ट्रॉनिक्स हब
इतवारी बाज़ार, छिन्दवाड़ा | मो. 9399443838
शुभम इलेक्ट्रॉनिक्स
नागपुर रोड, छिन्दवाड़ा | मो. 9111960011


Hero
धन्यवाद छिंदवाड़ा
हमें लगातार 22 वर्षो से आपने बनाया है..
नं. 1
आधार लाओ गाड़ी ले जाओ
लोन अमाउंट | किश्त | डाक्यूमेंट चार्ज मात्र
45000 | 7500x6 | 950
50000 | 8334x6 | 1100
बैंक खाता की आवश्यकता नहीं
ऑफर्स जानने के लिए स्कैन करें
सत्कार हीरो
परासिया रोड, छिंदवाड़ा - 9260070088
नागपुर रोड, छिंदवाड़ा - 9479490079


पूनम ज्वेलर्स
गोल्ड एवं सिल्वर शोरूम
त्यौहारों में चमके सोने की तरह
धनतेरस
सुख संपत्ति और आनंद देने वाले इस अद्भुत मुहूर्त में खरीदे सोने से निर्मित आभूषण
शुभ धनतेरस
शुभ मुहूर्त की खरीदी पूनम ज्वेलर्स के साथ
उपहारों पर नहीं शुद्धता पर करें विश्वास
ज्वेलरी की अनेक व्हेरायटी उपलब्ध
पुराना छापाखाना, अष्टभुजा मंदिर, छिंदवाड़ा
मोबाइल: 9827736803, 9300440036, 07162-222653